CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 44 अंक - 320 राजनांदगांव, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए




# भारत-यूके शिक्षा साझेदारीः ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटीज़ भारत में खोलेंगी अपने कैंपस, पीएम मोदी ने किया ऐलान

## ब्रिटेन खालिस्तानी चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करे; कीर स्टार्मर से बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली। भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से आज पीएम मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता की। पीएम मोदी ने स्टार्मर के साथ खालिस्तान के मुद्दे पर भी बात की। प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर की बातचीत के संबंध में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी और स्टार्मर के बीच खालिस्तान के मुद्दे पर विस्तार से बातचीत हुई। मिस्री ने बताया कि स्टार्मर की भारत यात्रा दोनों देशों के नागरिकों के बीच साझेदारी दिखाती है।

भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच शैक्षिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि ब्रिटेन के 9 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जल्द ही भारत में अपने परिसर स्थापित करेंगे। यह ऐलान ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की हालिया भारत यात्रा के दौरान किया गया, जो दोनों देशों के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते के बाद द्विपक्षीय रिश्तों में नई गति का प्रतीक है।

### भारत में खुलने वाले ब्रिटिश विश्वविद्यालय

इस पहल के तहत ब्रिटेन की नौ शीर्ष विश्वविद्यालय भारत के विभिन्न शहरों में अपने कैंपस खोलेंगी। इनमें से एक- साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी का गुरुग्राम कैंपस पहले ही शुरू हो चुका है और छात्रों का पहला बैच पढ़ाई भी शुरू कर चुका है।

### क्यों है यह पहल खास

भारतीय छात्रों को अब विदेश जाए बिना ब्रिटिश शिक्षा का अनुभव मिलेगा। विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम और अनुसंधान के अवसर भारत में ही उपलब्ध होंगे। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। भारत को वैश्विक शिक्षा हब बनाने की दिशा में एक ठोस कदम।

### समाज से मिली आजादी के दुरुपयोग की छूट नहीं मिलनी चाहिए

उन्होंने कहा, दोनों देश अपने नागरिकों के हितों को देखते हुए कई मोर्चों पर काम कर रहे हैं। मिस्री ने कहा, स्टार्मर के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कट्टरपंथ और हिंसक उग्रवाद के लिए लोकतांत्रिक समाजों में कोई जगह नहीं है। उन्हें समाज से मिली आजादी का दुरुपयोग करने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। पीएम मोदी ने स्टार्मर से कहा कि दोनों देशों के पास मौजूद कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल कर खालिस्तानी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है। मिस्री ने स्टार्मर की यात्रा की अहमियत बताते हुए कहा, दोनों देशों के बीच एफटीए के बाद युवाओं के लिए रोजगार के ढेरों अवसर पैदा होंगे। इससे विकसत भारत के दृष्टिकोण को भी समर्थन मिलेगा। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच कट्टरपंथ के मुद्दे पर चर्चा की वजह विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की लंदन यात्रा के दौरान सुरक्षा में हुई चूक को माना जा रहा है। बता दें कि जयशंकर की लंदन यात्रा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने चैथम हाउस में आयोजित कार्यक्रम को बाधित करने का प्रयास किया था।

### मुक्त व्यापार समझौते से भारत को मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने इसके अलावा इंडिया यूके सीईओ फोरम में भी देश का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते से भारत में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि दोनों देशों के बीच शिक्षा को लेकर भी बड़ा समझौता हुआ है। इसके तहत ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय अब भारत में अपने कैंपस खोलेंगे।

# हरियाणा आईपीएस मौत मामलाः डीजीपी समेत 13 अधिकारियों पर एफआईआर, सुसाइड नोट के आधार पर चंडीगढ़ पुलिस ने दर्ज किया केस

चंडीगढ़। हरियाणा के 2001 बैच के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार की मौत मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत कपूर समेत 12 से 13 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूरण कुमार ने अपने सुसाइड नोट में डीजीपी शत्रुजीत कपूर, रोहतक के एसएसपी समेत कुल 13 अधिकारियों के नाम लिखे थे। सुसाइड नोट के आधार पर चंडीगढ़ पुलिस ने अब इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। सेक्टर-11 थाना पुलिस ने सुसाइड नोट में लिखे गए अधिकारियों के खिलाफ धारा 108 आरडब्ल्यू 3(5) बीएनएस और 3(1)(आर) पीओए (एससी/एसटी) अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले सीएम नायब सैनी



वीरवार दोपहर में आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की पत्नी आईएएस अमनीत पी कुमार से मिलने चंडीगढ़ सेक्टर-24 स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे और उनके पति वाई पूरण कुमार के निधन पर शोक जताया। सैनी करीब 45 मिनट रुके और फिर बिना कुछ कहे रवाना हो गए। सीएम के साथ वरिष्ठ आईएएस राजेश खुल्लर भी थे। आईएएस अमनीत पी कुमार ने साफ कह दिया था कि जब तक आरोपी अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज नहीं होता तब तक वह पति वाई पूरण कुमार का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

### वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ लगाए थे गंभीर आरोप

आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार के सुसाइड नोट में पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# असम में भाजपा को लगा झटका, पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेता राजेन गोहेन समेत 18 नेताओं का इस्तीफा

डिब्रूगढ़। असम में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और चार बार के भाजपा सांसद राजेन गोहेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ कुल 17 अन्य सदस्यों ने भी पार्टी से अपना त्यागपत्र सौंपा। राजेन गोहेन ने यह फैसला राज्य भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया को लिखे पत्र में बताया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से तुरंत प्रभाव से हट रहे हैं। सूत्रों के



अनुसार, इस्तीफा देने वाले अधिकांश सदस्य ऊपरी और मध्य असम से हैं। राजेन गोहेन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि पार्टी ने असम के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया और स्थानीय समुदायों को धोखा दिया, जबकि बाहरी लोगों को राज्य में बसने की अनुमति दी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तेजस्वी यादव का बड़ा बयान, सरकार बनी तो हर घर से एक को सरकारी नौकरी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चली हैं। एक तरफ जहां विभिन्न दल सीटों के बंटवारे के गुणा भाव में व्यस्त हैं, वहीं दूसरी तरफ जनता को भी लुभाने के लिए वादों की सूची तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में राजद नेता तेजस्वी यादव ने ऐसा वादा कर दिया है, जिस पर शायद आम जनता आसानी से भरोसा न कर



सके। दरअसल, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के जिस भी परिवार के पास सरकारी नौकरी नहीं है, उन परिवारों को हमारी सरकार बनने के बाद अधिनियम बनाकर 20 महीने के भीतर सरकारी नौकरी दी जाएगी। जब उनसे मीडिया ने सवाल पूछा तो जवाब दिया कि जो भी घोषणाएं की थी, उन्हें 17 महीने में पूरा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चुनाव आयोग ने चेताया, प्रचार में एआई आधारित भ्रामक जानकारी का इस्तेमाल न करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव और सात राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा के साथ ही 6 अक्टूबर से चुनावी प्रदेशों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसी के तहत चुनाव आयोग ने एक महत्वपूर्ण प्रेस नोट जारी किया है। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को चेताया है कि वे प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित गलत और भ्रामक वीडियो का इस्तेमाल न करें।




चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि आदर्श आचार संहिता के नियम सिर्फ जमीनी प्रचार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सोशल मीडिया और इंटरनेट पर साझा की जा रही सामग्री पर भी पूरी तरह लागू होते हैं। आयोग ने कहा कि किसी भी पार्टी या उम्मीदवार की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पूर्व रिकॉर्ड और कार्यों तक सीमित रहनी चाहिए। निजी जीवन पर टिप्पणी करना पूरी तरह निषिद्ध है। इसके अलावा, किसी भी राजनीतिक दल या उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ बिना पुष्टि के आरोप या जानकारी को तोड़-मरोड़ कर पेश करना गलत है और इसे सख्ती से रोका जाएगा। चुनाव आयोग ने गहरी चिंता जताई है कि कुछ लोग एआई टूल्स की मदद से 'डीप फेक' वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैला रहे हैं, जिससे चुनावी माहौल को दूषित किया जा सकता है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए आयोग ने सभी दलों, उनके नेताओं, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि अगर वे कोई एआई-जनरेटेड या डिजिटल रूप से बदला गया कंटेंट पोस्ट करें तो उस पर साफ-साफ टैग लगाना अनिवार्य होगा। टैग में 'एआई-जेनरेटेड', 'डिजिटली एनहांस्ड' या 'सिंथेटिक कंटेंट' जैसे शब्द स्पष्ट रूप से लिखे जाने चाहिए ताकि जनता को कोई भ्रम न हो। आयोग ने कहा है कि सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। आयोग ने साफ कर दिया है कि एमसीसी और इससे संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार चुनावः सीएम चेहरे के साथ चुनाव में उतरेगा महागठबंधन, तेजस्वी के नाम पर कांग्रेस तैयार



नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री चेहरे का महागठबंधन की तरफ से जल्द औपचारिक ऐलान किया जाएगा. सीएम चेहरे के साथ महागठबंधन चुनाव में उतरेगा. सूत्रों की मानें तो आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के नाम पर सभी दल तैयार हैं.

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल दलों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही हैं. सीट बंटवारे को लेकर गुरुवार को भी मंथन जारी रहा. उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सीएम फेस के साथ ही सीट शेयरिंग को लेकर भी अंतिम रूप से ऐलान कर दिया जाएगा. आरजेडी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने गुरुवार को महागठबंधन में सीएम चेहरे को लेकर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि महागठबंधन के दलों को मिलकर औपचारिक तौर से तेजस्वी यादव को सीएम कैंडिडेट घोषित कर देना चाहिये. उन्होंने ये भी कहा कि 1-2 दिनों के अंदर महागठबंधन में सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों को लेकर अंतिम फैसला हो जाएगा. महागठबंधन के सूत्रों के मुताबिक लालू प्रसाद यादव की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# इजरायल-हमास के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली। इजरायल और हमास के बीच दो साल लंबे चले खूनी संघर्ष के बात तीसरी बार युद्धविराम समझौता हुआ है। इस नए सकारात्मक घटनाक्रम पर पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली है। इस समझौते में मध्यस्थ बने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत दिग्गज नेताओं ने उम्मीद जताई है कि ये शांति समझौता मजबूत, टिकाऊ और स्थायी होगा।



संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस समेत तमाम देशों के नेताओं ने स्वतंत्र फलस्तीन देश को मान्यता देने और जल्द से जल्द मानवीय सहायता गाजा भिजवाने की अपील की। गाजा में इजरायली कार्रवाई में बड़े पैमाने पर जनसंहार के खिलाफ दुनियाभर में प्रदर्शन हुए। इसमें आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे मारे गए। हालांकि, जनसंहार की बात को इजरायल अंत तक नकारता रहा। इसकी वजह से इजरायल को मिलनेवाले समर्थन में भी भारी कमी आई और वह अलग-थलग होता चला गया। युद्ध विराम पर इजरायल के राजी होने के पीछे इसे भी बड़ी वजह माना जा रहा है क्योंकि पीएम नेतन्याहू के खिलाफ इजरायल में ही विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। वहीं कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों ने फलस्तीन को मान्यता देकर भी नेतन्याहू पर दबाव बढ़ा दिया था। हमास और इजरायल के बीच मिस्त्र में समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के मध्य एशिया राजनयिक स्टीव विट्कोफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर बुधवार को शर्म अल शेख में कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी के साथ जुटे। नेतन्याहू के शीर्ष सलाहकार रान डर्मर भी वहां मौजूद थे। दिग्गजों का जुटना इस बात का संकेत था कि समझौता होकर रहेगा। इस समझौते पर मुहर के तौर पर ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर लिखा कि हम मध्य एशिया में समझौते के बेहद करीब हैं। दुनियाभर के नेताओं ने दी शुभकामनाएं मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सिसी ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

**नेताओं ने कहा- स्वतंत्र फलस्तीन समय की जरूरत**

# बिना फार्मासिस्ट के संचालित मिला मेडिकल स्टोर तो मिलेगी सजा, होगा जुर्माना

सतना। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने पूरे देश में दवा दुकानों के संचालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बिना पंजीकृत फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर चलाने पर अब तीन महीने की सजा या दो लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान किया गया है। यह आदेश फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 42 के अंतर्गत जन विश्वास (संशोधन) अधिनियम 2023 के तहत लागू हुआ है। छिंदवाड़ा जिले में बीते दिनों बच्चों की मौत की घटना के बाद यह कार्रवाई तेज की गई है। जांच में पाया गया कि डॉक्टर की पत्नी और भतीजा बिना फार्मासिस्ट पंजीकरण के मेडिकल स्टोर चला रहे थे, जहां से प्रतिबंधित कफ सिरप बेचा जा रहा था। इस लापरवाही ने फार्मेसी काउंसिल को कड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर किया।

### काउंसिल ने जारी की आवश्यक सूचना

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी मेडिकल प्रैक्टिशनर के प्रिस्क्रिप्शन पर केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट ही दवा डिस्पेंस कर सकेंगे। किसी भी गैर-पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दवा वितरण, बिक्री या डिस्पेंसिंग करते पाए जाने पर फार्मेसी एक्ट 1948 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। काउंसिल ने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया है कि वे बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन दवाएं न (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजीव तिवारी पर हमला

### चैंबर में झूमा झटकी, धमकी और तोड़फोड़

### जनसंपर्क अधिकारी संघ ने की मुख्यमंत्री से दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग



रायपुर (दावा)। जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक संजीव तिवारी पर हमला हुआ है। हमलावरों ने चैंबर में घुसकर ना सिर्फ झूमा झटकी की है, बल्कि घर में घुसकर मारने की धमकी भी दी है। इस दौरान खुद को पत्रकार बताने वाले हमलावरों ने चैंबर में भी तोड़फोड़ की। इधर, छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष बालमुकुंद तंबोली ने छत्तीसगढ़ संवाद कार्यालय, नवा रायपुर में विभागीय अपर संचालक संजीव तिवारी के साथ हुई अभद्रता, झूमा-झटकी, गाली-गलौज, तोड़फोड़ और धमकी की घटना की कटु शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक जनसंपर्क अधिकारी पर हमला और शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाने का ही मामला नहीं हैं, बल्कि पूरे जनसंपर्क विभाग की संस्थागत गरिमा पर सीधा आघात है। इस घटना को लेकर नया रायपुर के राखी थाने में शिकायत भी दर्ज करायी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जनसुराज ने जारी कर दी 51 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जैसे-जैसे तारीखें नजदीक आ रही हैं, राजनीतिक हलचलें अपने चरम पर हैं। लेकिन इस बार बाजी किसी पुराने खिलाड़ी ने नहीं, बल्कि प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने मारी है। जब एनडीए और महागठबंधन सीटों के बंटवारे में अभी तक अटके हैं, वहीं जन सुराज पार्टी ने गुरुवार को अपने पहले 51 उम्मीदवारों की सूची जारी कर सबको चौंका दिया है। पार्टी की पहली लिस्ट में जाति और क्षेत्रीय संतुलन का खास ध्यान रखा गया है। 51 में से 17 टिकट अत्यंत पिछड़ा वर्ग को, 11 पिछड़ा वर्ग को, लगभग 9 अल्पसंख्यक समुदाय को और शेष सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को मिले हैं। जन सुराज की टीम ने साफ कहा है कि यह शुरुआत भर है। आने वाले हर एक-दो दिन में नई सूची जारी करेंगे, जिससे सभी 243 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा को पूरा किया जा सके। लिस्ट में पटना की कुम्हरार, दरभंगा, मांझी, सुल्तानगंज जैसी बड़ी सीटों के नाम शामिल हैं। पार्टी अध्यक्ष उदय सिंह ने बताया कि 11 अक्टूबर को राघोपुर से पार्टी का प्रचार अभियान शुरू होगा। इस महत्वपूर्ण मौके पर प्रशांत किशोर खुद मौजूद रहेंगे और पार्टी के (शेष पृष्ठ 6 पर...)




CMYK

## पहला कॉलम...

### रेखा साहू बनी भारतीय तैलिक राठौर महासभा की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक सेवा और सशक्त नेतृत्व के लिए जाने जाने वाली श्रीमती रेखा दिनेश साहू को भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा (रजि. लखनऊ) में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। उनकी संगठनात्मक निष्ठा को देखते हुए, उन्हें दूसरी बार पुनः महासभा के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

#### समाजसेवा, निष्ठा और दूरदृष्टि के लिए मिला दायित्व

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश नन्दलाल शाहू द्वारा 8 अक्टूबर को जारी आदेश (संदर्भ संख्या : बीटीएसआरएम/01/2025) में कहा गया है कि श्रीमती रेखा दिनेश साहू ने समाजसेवा, संगठन के प्रति निष्ठा, दूरदृष्टि और समाज के उत्थान हेतु उल्लेखनीय कार्य किया है। इन्हीं उत्कृष्ट गुणों के आधार पर उन्हें यह प्रतिष्ठित जिम्मेदारी दोबारा सौंपी गई है। आदेश में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया गया है कि उनके नेतृत्व में महिला वर्ग की भागीदारी सशक्त होगी तथा समाज में नई ऊर्जा, एकता और प्रगतिशील सोच का संचार होगा।

### आज एमएसटीसी पोर्टल के संबंध में प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार गौण खनिज रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। ई-नीलामी से संबंधित निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताओं बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार चयन सहित अन्य समस्त प्रक्रिया की कार्रवाई पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। एमएसटीसी पोर्टल के विषय में दुर्ग संभाग के जिला अधिकारियों एवं इच्छुक बोलीकर्ताओं के लिए 10 अक्टूबर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे तक जिला पंचायत सभागार दुर्ग में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। रेत खदान के निविदा व नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक जिले के बोलीकर्ता प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है।

### भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव के परिसर में भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) उपस्थित थे। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने पूर्व सैनिकों को किसी भी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए संपक्र करने कहा। उन्होंने सेवा निवृत्त के पश्चात जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में समय पर पंजीयन कराने तथा पूर्व सैनिक पहचान पत्र प्राप्त करने, स्थायी पते को ठीक से रखने, पीपीओ पेंशन बुक में अपने उत्तराधिकारी का विवरण तथा भविष्य में पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जन्मतिथि, संयुक्त खाता सहित अन्य जानकारी अद्यतन रखने की सलाह दी। इस दौरान भूतपूर्व सैनिक एवं कार्यालय के स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

### तहसीलों में किया जा रहा ऋण पुस्तिका का वितरण

राजनांदगांव (दावा)। भू-अभिलेख शाखा राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में पटवारियों द्वारा ऑनलाईन रिकार्ड में समय-सीमा में सुधार कार्य किया जा रहा है। साथ ही विगत महीनों में सभी तहसीलों में ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। जिसमें राजनांदगांव तहसील में 600, छुरिया तहसील में 500, घुमका तहसील में 100, डोंगरगढ़ तहसील में 300, लाल बहादुर नगर में 200, डोंगरगांव तहसील में 400 एवं कुमरदा तहसील में 300 नग ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया है। ऋण पुस्तिका के लिए उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया गया है एवं आवश्यकता अनुसार ऋण पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है।

### यज्ञकुमार दास वैष्णव निधन

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम भानपुरी सेवानिवृत्त शिक्षक नरेंद्र दास वैष्णव एवं सरपंच प्रभादास वैष्णव के सुपुत्र यज्ञकुमार दास वैष्णव का अल्पायु 24 वर्ष में निधन हो गया। जिसकी अंतिम संस्कार भानपुरी मुक्तिधाम में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी पदम कोठारी, पंकज बांधव, दिलीप वर्मा, गोपीचंद गायकवाड़, कांति बंजारे, महेश्वर प्रसाद साहू, दिलीप चंद्राकर, मुकेश निर्मलकर, देबू यादव, परस साहू, कृतलाल पटेल, ठाकुरराम, रोशन साहू, धन्ना साहू, सौरभ वैष्णव, बलदाऊ वैष्णव, कृष्ण कुमार वैष्णव, योगेन्द्र दास वैष्णव, प्रशांत वैष्णव सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी उपस्थित रहे।







# आज करवा चौथ : चलनी में चांद का दीदार करेंगी सुहागिनें

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को आज शहर सहित पूरे अंचल में सुहागन महिलाएं द्वारा करवा चौथ का व्रत पूरे उल्लास के साथ मनाएगी। हालांकि उन्हें अपने पति की स्वस्थता और दीर्घायु के लिए 24 घंटे का निर्जला कठिन व्रत रखना पड़ेगा, लेकिन वे अपने सुहाग की रक्षा और सदा सौभाग्यवती बने रहने के लिए करवा चौथ पर 24 घंटे के लिए निर्जला व्रत रखने भी तैयार हैं। बताया जाता है कि सधवा स्त्रियों द्वारा करवा चौथ का व्रत रखने से न केवल पति की आयु लंबी होती है, बल्कि आपसी प्रेम-प्यार भी प्रगाढ़ होता है। जिससे घर-परिवार व पति-पत्नी का जीवन सुखमय बन पड़ता है। इस मान्यता को लेकर करवा चौथ का व्रत करने उद्यत हुई सुहागिन महिलाओं में व्रत को लेकर खासा उल्लास देखा जा रहा है।

#### करवा चौथ व्रत को लेकर सजा बाजार

बता दें कि अपने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं के लिए शहर का पूरी तरह बाजार सजा पड़ा है। शहर के मुख्य मार्केट गोलबाजार,जयस्तंभ चौक सहित गंज चौक, नंदई चौक, हाट बाजार, महामाया चौक आदि सहित अन्य स्थानों पर पूजा सामग्रियों की जमकर बिक्री हो रही है। बाजार में सजे इन पसरानुमा दुकानों में पूजा में उपयोग आने वाले मिट्टी के बने आकर्षक गड़वा व अन्य श्रृंगार सामग्रियों के अलावा पति के चेहरे सहित चांद का दीदार करने वाली चलनी भी बड़ी मात्रा में बिक रही हैं। जयस्तंभ चौक में पसरा लगाए दुकानदारों ने गड़वा जोड़ी की कीमत 70 से 80 रुपए बताई। वहीं चलनी व लोटे-थाली का सेट लगभग 100 रुपए बताया। हार-फूल, पान सुपारी, आलता श्रृंगार सामग्री, चलनी व अन्य सामग्रियों के साथ पूरा सेट 3 से 4 सौ रुपए बेचा जाना बताया। इससे बाद भी महिलाएं इसे खरीदने में पीछे नहीं रहे। अपने पति के साथ बाजार आकर फल-फूल सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, पूजा सामग्री लेने जुटी रही।



- निर्जला कठिन व्रत रखकर पति के हाथों गड़वा से करेगी जल ग्रहण
- बाजार में खूब बिक रहे मिट्टी के बने रंग-बिरंगे आकर्षक गड़वे व चलनी
- पूजा सामग्रियों की जमकर हो रही बिक्री, पर्व को लेकर गुलजार हुआ बाजार

#### सौंदर्य सामग्री व नवीन वस्त्रों की रही मांग

बताते चलें कि करवा चौथ व्रत करने वाली महिलाएं देर शाम-रात में चंद्रमा दर्शन के लिए पूरी तरह सजती-धजती है। नए वस्त्र परिधान सहित सोलह श्रृंगार करती है, जो एक सुहागन का धर्म माना जाता है। चूंकि चंद्र दर्शन व अपने पति की पूजन के लिए यह सुहागन स्त्रियों के लिए अनिवार्य होता है, इसलिए बाजार में न ए वस्त्र परिधान व सोने-चांदी के जेवरों की खासी मांग रही। वस्त्रालयों में नई व्हेराईटियां की साड़ियां, घाघरा, चुनरी व अन्य परिधानों की मांग बनी हुई है। इसी तरह अपनी लंबी आयु के लिए करवा चौथ की कठिन व्रत रखने वाली पत्नियां को आकर्षक उपहार देने के लिए गिफ्ट दुकानें भी सजी हुई है। जहां एक से बढ़ एक गिफ्ट आयामों की खरीदारी हो रही है। इससे शहर का बाजार गुलजार बना हुआ है।

#### चलनी में चंद्रमा का होगा दीदार

आज शुक्रवार की शाम तक शहर में इन चीजों की बिकवाली में तेजी रहेगी। खरीदारी के लिए बाजार में चहल-पहल बना रहेगा। देर शाम होते ही करवा चौथ व्रत रखने वाली सुहागन महिलाएं सीधे आसमान की ओर दृष्टि रखते हैं। चंद्र देवता के दर्शन के लिए ललायित रहेंगी और जैसे ही आसमान के ओट से चंद्रमा के नजर आते ही सोलह श्रृंगार युक्त व्रती महिलाएं चलनी में चंद्र दर्शन कर अपने पति का चेहरा निहार उठेगी और अपने पति के हाथों उक्त करवा गड़वा से जल ग्रहण कर अपने पति देव सहित घर के बड़े-बूढ़े का चरण स्पर्श कर उनसे सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद ग्रहण कर व्रत का समापन करेगी।

## छुरिया पुलिस ने मवेशी तस्करों के खिलाफ की कार्रवाई, मवेशियों सहित पिकअप बरामद






राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों छूरिया पुलिस द्वारा मवैशी तस्करों को पकड़ने के लिए अभियान छेड़ा हुआ है और उनके खिलाफ धड़ाधड़ कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में छुरिया पुलिस को गौवंश मवेशियों को बुचड़ खाना ले जाते वाहन महिंद्रा पिकअप को पकड़ने में सफलता मिली है।

छूरिया थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में गुरुवार 9 अक्टूबर की रात्रि में छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही महिंद्रा पिकअप को थाना छुरिया स्टॉफ के द्वारा हिक्मतअमली से ग्राम भकुर्रा के पास रोककर पकड़ा गया, जो वाहन मालिक/चालक मवेशी भरे वाहन को भगाने के फिराक में रोड किनारे बने नाली में फंसा डाला व मौका पाकर वाहन से कूदकर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

#### दौड़कर पकड़ा गया वाहन का हेल्पर

इस दौरान वाहन में बैठा हेल्पर भी वाहन से कूदकर भागने लगा जिसे दौड़ा कर पकड़ा गया। वाहन पिकअप को देखने पर वाहन मे 04 नग मवेशी को ठूंस-ठूंस कर भरकर, क्रूरता पूर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र के ग्राम ककोड़ी की ओर बुचड़खाना ले जाते पाये जाने पर 04 नग मवेशी एवं 01 वाहन जुमला कीमत 4,11,000 रूपए को जप्त किया गया और थाना छुरिया के द्वारा पकड़े गए आरोपी वाहन हेल्पर संदीप जब्बार मरई पिता जब्बार मरई उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम ककोड़ी, थाना चिचगढ़, जिला गोंदिया, महाराष्ट्र व फरार वाहन मालिक/चालक के खिलाफ अपराध धारा - 4,6,10 क्ष.ग. कृ. प.परि.अधि, 11 पशु क्रू. अधि. का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

उक्त मामले में आरोपी संदीप जब्बार मरई को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया जा रहा है। श्री पटेल ने बताया कि फरार आरोपी वाहन मालिक चालक तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता तलाश की जा रही है जिसकी विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी।

## शहर के निजी अस्पताल में फिर महिला की गई जान, परिजनों का हंगामा

#### अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का गंभीर आरोप, थाने में की शिकायत



राजनांदगांव (दावा)। जिला चिकित्सालय के समीप बसंतपुर रोड स्थित शुक्ला अस्पताल में एक बार फिर लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। ग्राम रींवागहन की श्रीमती द्रोपदी साहू (46 वर्ष) की अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया और प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

#### ऑपरेशन के टांका खुलवाने के दौरान हुई मौत

मृतिका के पति पिलूराम साहू और परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला का कुछ समय पूर्व बच्चादानी का ऑपरेशन हुआ था। वह केवल टांके खुलवाने के लिए अस्पताल आई थी और इसी दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का सीधा आरोप है कि लापरवाही के कारण महिला की जान गई। आक्रोशित परिजनों ने दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

इस घटना के बाद शहर के जागरूक लोग भी मौके पर पहुंचे। पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य व युवा कांग्रेसी निखिल द्विवेदी ने कहा कि निजी अस्पतालों में इलाज के नाम पर गोरखधंधा चल रहा है। उन्होंने ऐसे अस्पतालों पर अपराध दर्ज करने और उन्हें बंद करने की मांग की। परिजनों ने भड़कते हुए आरोप लगाया कि महिला की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन सौदा करने का प्रयास कर रहा था। उनका कहना था कि यदि उन्हें समय रहते जानकारी मिल जाती तो वे बड़े अस्पताल में इलाज करवाकर जान बचा सकते थे, लेकिन अस्पताल ने उन्हें गुमराह किया।

#### एफआईआर की मांग, जांच के आदेश

परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज करने और अस्पताल को बंद करने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर, सीएमएचओ और बसंतपुर थाना में मामले की शिकायत की है। युवा कांग्रेसी नेता ऋषि शास्त्री ने कहा कि लगातार निजी अस्पतालों में लापरवाही से ऐसी हृदयविदारक घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने न्याय की लड़ाई में परिजनों के साथ खड़े रहने की बात कही।

मामला एसपी और कलेक्टर तक पहुंचने पर एसपी ने उक्त संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। बसंतपुर थाने में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। वहीं जिला कलेक्टर ने मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने और परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

## निगम के 3 कर्मचारी सेवानिवृत्त, आयुक्त की उपस्थिति में दी गई भावभीनी बिदाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 3 कर्मचारी क्रमशः राजस्व उपनिरीक्षक गणितराम ठाकुर व ईश्वर माटे तथा पेंशन लिपिक तिजऊराम को निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे एवं राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया।

बिदाई समारोह में आयुक्त ने तीनों कर्मचारियों को निर्बाध रूप से सेवाकाल पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने लगभग 30 से 35 वर्ष तक कुशलता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होने कर्मचारियों से कहा कि, नगर निगम जनता से जुड़ी संस्था है। जिसमें काम करने में कठिनाई भी आती है। लेकिन परिस्थिति कुछ भी हो हमारा कर्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता है। नगर निगम अन्य विभागों की तुलना में सीखने एवं काम करने का अच्छा स्थल है। क्योकि यहां जल, विद्युत, राजस्व, लोककर्म, स्वास्थ्य जैसे सभी विभाग में काम करने का मौका मिलता है। उन्होने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अच्छाईयों को सीखे कि उन्होंने कितने समर्पित भाव से निष्ठा पूर्वक कार्य किया। क्योंकि अच्छा काम करके सेवानिवृत्त होना बहुत अच्छी बात है, जिसे हम सबको सीखना है। उन्होने कहा कि कर्मचारियों के पेंशन एवं अन्य प्रकरणों का जल्द निराकरण करना है। उन्होने गणितराम, ईश्वर माटे एवं तिजऊराम से अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सेवानिवृत्त तीनों कर्मचारियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि नगर निगम में लंबे समय तक काम करने का अवसर मिला पूर्व में निगमों में उतनी सुविधाएं नही मिलती थी। फिर भी हम लोगो ने निष्ठा से काम किया। उन्होने कहा कि अच्छा काम करोगें तो हमेशा सफलता मिलेगी। राजस्व के सभी भाईयों को अच्छी वसूली के लिए शुभकामनाएं देते है। कार्यपालन अभियंता श्री खांडे एवं राजस्व अधिकारी श्री तिवारी ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ये कर्मचारी आज शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त हो रहे है।

## जानलेवा पुल से गुजर रहे सैकड़ों वाहन, डेढ़ माह से क्षतिग्रस्त खुज्जी देवरी मार्ग



जोंधरा (दावा)। खुज्जी देवरी मार्ग पर खुज्जी विद्युत मंडल के ठीक सामने का पुलिया और सड़क पिछले डेढ़ माह से जानलेवा स्थिति में है, मगर लोक निर्माण विभाग की नींद नहीं टूट रही है। यह व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे प्रतिदिन सैकड़ों यात्री और वाहन चालक बड़े खतरे का सामना करने को मजबूर हैं।

#### गड्ढों पर पत्थर और कांटे डालकर जान बचा रहे ग्रामीण

सड़क के बीचों-बीच बने बड़े और खतरनाक गड्ढों के कारण यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर स्थानीय राहगीरों और ग्रामीणों ने ही पहल की है। रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं से बचने के लिए लोगों ने इन गड्ढों में पत्थर डाल दिए हैं और ऊपर से बबूल के कांटों को रखा है, ताकि गुजरने वाले वाहनों की नजर पड़ सके। ग्रामीणों का यह प्रयास पीडब्ल्यूडी की घोर लापरवाही को दर्शाता है।

#### दल्लीराजहरा का एकमात्र मार्ग

खुज्जी, देवरी और दल्लीराजहरा को जोड़ने वाला यह इकलौता मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियाँ और लगभग 15 से 20 यात्री बसें गुजरती हैं। संयोग ही है कि इतनी सघन आवाजाही के बावजूद अब तक कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।

#### क्या विभाग को हादसे का इंतजार है?

क्षेत्र के लोग पीडब्ल्यूडी के रवैये पर कड़ा आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। उनका सीधा सवाल है कि जब मार्ग इस तरह से क्षतिग्रस्त है और ग्रामीणों को स्वयं सुरक्षा के उपाय करने पड़ रहे हैं, तो विभाग पुलिया डालने या मरम्मत करने का इंतजार क्यों कर रहा है? स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विभाग को अविलंब क्षतिग्रस्त स्थल पर पुल डालकर या मरम्मत करके राहगीरों का आवागमन सुलभ बनाना चाहिए।

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509092200020**

मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2024-25
विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2024-2025
अण्डी प.ह.नं. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार अजय कुमार
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार आ. मनबहल जाति तेली सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र विकास कुमार आ. अजय कुमार का जन्म दिनांक 19.09.2007 को अंडी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.10.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : Neelkanth Janbandhu
तहसील - डोंगरगढ़

---

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक लालचंद साहू आ. हीरालाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम खडखडी तह.अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी छ.ग. का निवासी हूं। मेरे पुत्री डुमाल्या के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी की गई है जिसमें नाम के स्थान पर दुमालिया अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र में नाम के स्थान पर डुमाल्या अंकित है। उक्त नाम सही है इसलियें आधार कार्ड में दुमालिया अंकित है उसे सुधार करवाकर डुमाल्या अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान:-अम्बागढ़ चौकी
दिनांक-09/10/2025

आवेदक
लालचंद साहू
निवासी ग्राम खड़खड़ी, तह. अं. चौकी,
जिला- मोहला-मानपुर, अं. चौकी

---

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक लालचंद साहू आ. हीरालाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम खडखडी तह. अं. चौकी जिला-मो.मा.अं. चौकी छ.ग. का निवासी हूं। मेरे पुत्री कृतिका के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी की गई है जिसमें नाम के स्थान पर कृत्रिका जेठुमल अंकित है। उक्त नाम गलत है, परन्तु मेरे पुत्री के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र में नाम के स्थान पर कृतिका अंकित है। उक्त नाम सही है इसलियें आधार कार्ड में कृत्रिका जेठुमल अंकित है उसे सुधार करवाकर कृतिका अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा.अर्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अत एव ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान:-अम्बागढ़ चौकी
दिनांक-09/10/2025

आवेदक
लालचंद साहू
निवासी ग्राम खड़खड़ी, तह. अं. चौकी,
जिला- मोहला-मानपुर, अं.चौकी

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509092200019**

मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2024-25
विषय:- ब-121
अण्डी प.ह.नं. 00028 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार अमन,
अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमन आ. अजय कुमार जाति तेली सा. अंडी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक स्वयं अमन आ. अजय कुमार का जन्म दिनांक 13.07.2004 को अंडी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.10.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : Neelkanth Janbandhu
तहसील - डोंगरगढ़

---

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-8
238-3 150-6
राजधानी
1-3-7
569-0 270-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के स्थानीय निकाय चुनाव 2025 के प्रबंधन को मिला अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान




**स्थानीय निकायों के निर्वाचन 2025 के उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को बोत्सववाना में अवार्ड प्राप्त हुआ**

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को संयुक्त राष्ट्र लोक प्रशासन नेटवर्क (एनपीएएस) की शोध संस्था इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्लियामेंटरी स्टडी (आईसीपीएस) द्वारा अवार्ड से सम्मानित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के निर्देशन में संपन्न स्थानीय निकाय निर्वाचन 2025 के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिये उक्त संस्था को प्रस्ताव भेजा गया था। आयोग द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए आईसीपीएस द्वारा उत्कृष्ट निर्वाचन प्रबंधन हेतु आयोग को नामांकित किया गया तथा बोत्सवाना की राजधानी गेब्रोन में आयोजित सम्मेलन में आयोग की प्रस्तुति के आधार पर आयोग को अवार्ड हेतु चयनित किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र लोक प्रशासन नेटवर्क (यूएनपीएएन) की शोध संस्था इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्लियामेंटरी स्टडी (आईसीपीएस) का कार्यालय मिलबैंक टावर, लंदन (यू.के.) में स्थित है। आईसीपीएस, यूनाइटेड नेशन्स डेव्हलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) की सहयोगी संस्था है। आईसीपीएस के द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का अध्ययन एवं अनुसंधान किया जाता है तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सरकारों को लोकतांत्रिक व्यवस्था सुदृढ करने के लिये सुझाव भी दिये जाते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा बताया कि आईसीपीएस द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के नगरपालिका एवं पंचायत निर्वाचन 2025 एक साथ मात्र 36 दिन में संपन्न कराये जाने के लिये किये गये निर्वाचन प्रबंधन को उत्कृष्ट उपलब्धि मानते हुए स्पेशल रिकॉग्नाइशन फॉर आउटस्टेंडिग एचीवमेंट अवार्ड श्रेणी में आयोग को अवार्ड प्रदान किया गया है। अवार्ड वितरण कार्यक्रम 01 अक्टूबर 2025 से 04 अक्टूबर 2025 तक बोत्सवाना की राजधानी गेब्रोन में आयोजित था। सम्मेलन में आयोग की ओर से सर्वश्री सुखनाथ अहिरवार, सचिव एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप सचिव ने भाग लिया।

# कोतवाली पुलिस का सराहनीय कार्य, बचाई एक युवक की जान



राजनंदगांव (दावा)। लगभग एक घंटा पहले गौरी नगर स्टेशन परा के आसपास की रहने वाली एक महिला जिसका नाम दुलारी सोनवानी बताया जा रहा है, ने कोतवाली थाने में आकर सूचना दी कि उनका पति किशन सोनवानी उन्हें कहा रहा है कि मैं आत्महत्या कर लूंगा, मैं अपनी जान दे दूंगा। इस पर तत्परता दिखाते हुए तत्काल कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम एवं उनकी टीम द्वारा उक्त महिला के कहे अनुसार उनके पति को ढूंढने निकले जो गौरी नगर के पास बन रहे अंडरब्रिज से कूदकर जान देने की कोशिश की। जहां अंडरब्रिज में लगभग 10 से 12 फीट पानी भरा हुआ।

बताया जा रहा है। वही पर किशन सोनवानी द्वारा खुदकर जान देने की कोशिश की गई। जिसे थाना कोतवाली के स्टाफ राम खिलावन द्वारा अंडरब्रिज में भरे पानी में उतरकर उक्त युवक को बाहर निकाला एवं तत्काल प्रारंभिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार किया गया। उसके बाद उक्त युवक को पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त युवक की स्थिति खतरे से बाहर है।

## नर्स की चाकू से वारकर हत्या, कमरे में मिली खून से सनी लाश

रायपुर। महिला नर्स की हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोपी ने युवती पर चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। उसकी की पहचान प्रियंका दास (23 वर्ष) के रूप में हुई है, जो एमएमआई नारायण हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत थी। जानकारी के अनुसार प्रियंका टिकरापारा थाना क्षेत्र स्थित अपने किराए के कमरे में अकेले रहती थी। गुरुवार सुबह जब सहकर्मियों ने उसे फोन किया तो जवाब नहीं मिला। इसके बाद साथी कर्मचारी जब कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर देखा गया तो प्रियंका खून से सनी हालत में मृत पड़ी मिली।

# ग्रामीण क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों को लालबाग पुलिस ने धर दबोचा



**प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गयी कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में शांति भंग करने वाले बदमाशों को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए एसडीएम के समक्ष पेश किया गया है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर उनके नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। गुरुवार 9 अक्टूबर को सूचना मिली कि ग्राम बनहरदी में एक व्यक्ति अपने पिता से पैसे की लेनदेन को लेकर लडाई झगडा कर विवाद कर रहा है। इस सूचना पर हमराह स्टाप के मौके पर पहुंचकर उसे समझाने का प्रयास किया गया एवं आसपास के लोगों द्वारा भी समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु उसके द्वारा और भी अधिक उत्तेजित होकर गाली गलौज कर वाद विवाद मारपीट पर आमदा हो गया था। जिसे धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नही होने से उसे गिरफ्तार किया गया तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अनावेदक के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर माननीय अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित सउनि अश्वनी यदु, आरक्षक बर्मा प्रसाद, आरक्षक कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रहा है।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान : शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत कर दी है। ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली के नेतृत्व में, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडल और सेक्टरों में डोर-टू-डोर जाकर यह हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में हिस्सा लिया और हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराया।

### लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली ने इस अभियान पर बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जनमत का अपमान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रही है। आसिफ अली ने बताया कि जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाने के उद्देश्य से शहर उत्तर ब्लॉक स्तर पर यह हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

### जनता ने जताया विरोध

कार्यकर्ताओं ने विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में जाकर लोगों को अभियान से जोड़ा। हस्ताक्षर करने वाले नागरिकों ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत ही सर्वोपरि होता है और इसमें किसी भी तरह की हेराफेरी जनता के साथ धोखा है। लोगों ने यह भी कहा कि जनता अब जागरूक है और ऐसे लोगों को गद्दी पर नहीं देखना चाहती। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आने वाले दिनों में शहर के अन्य सेक्टरों और वार्डों में भी इसे विस्तार दिया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा सके।

# महावीर चौक में सड़क हादसा, युवक गंभीर रूप से घायल



**मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले जाकर कराया गया भर्ती**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के महावीर चौक समीप गुरुवार की बीती रात हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोस्तों ने तुरन्त उसे उपचार के लिए पेंड्री मेडिकल कॉलेज हास्पीटल ले गए। बताया जाता है कि बीती रात अपने दोस्तों के साथ तेज वाहन चालन करते हुए आ रहे युवक महावीर चौक समीप स्थित डिवाइडर से टकरा गया, जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। मेडिकल कॉलेज हास्पीटल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के लखोली क्षेत्र स्थित जनता कालोनी के 26 वर्षीय युवक अमृतेष जैन को रात में साढ़े 9 बजे ज़ख्मी हालत में मेडिकल कॉलेज हास्पीटल लाकर भर्ती कराया गया है। फिलहाल उक्त युवक का उपचार होने की बात कही जा रही है।

# मोहारा फिल्टर प्लांट में एलम की पर्याप्त उपलब्धता



राजनांदगांव (दावा)। शहर की जनता को पर्याप्त शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके इसके लिये नगर निगम राजनांदगांव सतत् प्रयासरत रहता है। पेयजल में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो इस हेतु निगम जल विभाग का अमला सतत् कार्यरत रहता है। प्रतिदिन अमला द्वारा मोहारा प्लांट में रॉ-वाटर, क्लीयर वाटर का परीक्षण एवं क्लोरिन टेस्ट किया जा रहा है। शिवनाथ नदी मोहारा का जल स्तर का भी प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जा रहा है। एलम ब्लीचिंग के अलावा अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडारण भी रखा जाता है।

पेयजल सप्लाई के संबंध में जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू ने बताया कि, अमृत मिशन के अधिकारियों द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी भी सत्त मानिटरिंग कर रहे है और अमृत मिशन के टीम के साथ प्रतिदिन पेयजल सप्लाई के लिए प्रक्रिया की जांच कर रहे है। उन्होने बताया कि जल शुद्धीकरण के लिए सभी आवश्यक सामग्री सहित फिटकिरी का पर्याप्त भंडारण रखा जा रहा है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने अमृत मिशन के अलावा नगर निगम द्वारा अलग से फिटकिरी पर्याप्त मात्रा में रखा गया है। जिसका कम होने पर तुरंत उपयोग किया जाता है तथा अमृत मिशन के ठेकेदार को शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए समय-समय पर निर्देशित किया जाता है।

सुनील साहू ने बताया कि महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित संबंधित अधिकारी सतत् मानिटरिंग कर दिशा निर्देश देते है। तकनीकी अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जिनके द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जाता है। उन्होने बताया कि नगर निगम नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सत्त प्रयासरत् रहता है और इसके लिए प्रतिदिन गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

# त्योहार की खुशियां घर-घर तक पहुचे : दीपावली पर स्थानीय व्यापारियों से करें खरीदारी - हिंदू जागरण मंच



राजनांदगांव (दावा)। दीपावली का पर्व नजदीक है और घरों में उत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक राजनांदगांव ने स्थानीय नागरिकों से एक भावनात्मक और सामाजिक अपील की है। मंच ने नागरिकों से आह्वान किया है कि इस त्योहारी सीजन में वे स्थानीय दुकानदारों, भाई-बहनों और परिचितों से ही नए कपड़े, सजावटी सामग्री और उपहारों की खरीदारी करें, ताकि उनकी भी कुछ कमाई हो सके और वे भी अपने परिवारों के साथ दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास से मना सकें।

### लोकल को वोकल बनाएं, भाईचारा मजबूत करें

जिला संयोजक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी मॉल और ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव के कारण छोटे व्यापारियों की बिक्री पर गहरा असर पड़ा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस त्योहारी सीजन में स्थानीय बाजारों को प्राथमिकता देना न केवल जिले की अर्थव्यवस्था को बल देगा, बल्कि आपसी भाईचारे को भी मजबूत करेगा। मंच ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस दीपावली पर लोकल को वोकल बनाएं और छोटे दुकानदारों की मुस्कान में अपनी खुशी तलाशें। यह विज्ञप्ति हिंदू जागरण मंच के युवा आयाम प्रमुख गोविंद साहू द्वारा जारी की गई है।

# रेल कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण कार्यशाला : अनुशासन एवं अपील नियमों पर मार्गदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा 'सतर्कता जागरूकता अभियान 2025' के तहत 8 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय नागपुर के सभागृह में 'रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियम 1968' विषय पर केंद्रित थी।

### अनुशासन एवं दंड प्रक्रिया पर विस्तृत व्याख्यान

कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पूर्व उप मुख्य कार्मिक अधिकारी बिलासपुर ए.बी.एस. नेहरू मुख्य वक्ता थे। मुख्य वक्ता श्री नेहरू ने अपने विस्तृत व्याख्यान में जोर देकर बताया कि 'रेल सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1968' भारतीय रेलवे कर्मचारियों के आचरण, अनुशासन और दंड प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन नियमों का उद्देश्य रेलवे संगठन में अनुशासन बनाए रखना है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि कर्मचारियों को निष्पक्ष सुनवाई और बचाव का पूरा अवसर मिल सके। उन्होंने लघु एवं प्रमुख दंडों के प्रावधानों पर प्रकाश डाला और बताया कि कर्मचारी निर्धारित समय सीमा के भीतर इन दंडों के विरुद्ध अपील कर सकते हैं। यह व्यवस्था अनुशासनात्मक कार्रवाई को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाती है।

### कर्मचारियों के दायित्व निर्वहन में सहायक

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से कर्मचारियों को अनुशासन एवं अपील नियमों की गहन जानकारी मिली है, जो उनके दायित्वों के निष्पक्ष निर्वहन में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने श्री नेहरू के सारगर्भित व्याख्यान की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के शाखाधिकारी, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन श्रीमती स्वेता एच.के. छोरिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# विभिन्न वर्गों में हुए दिलचस्प मुकाबले



**सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का पाँचवाँ दिन: जोश और जज्बे से भरपूर मुकाबले**

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 का पाँचवाँ दिन जोश, ऊर्जा और टीम भावना से सराबोर रहा। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल, अनुशासन और जुझारूपन का परिचय दिया। यह केवल खेल का मंच नहीं रहा, बल्कि चरित्र निर्माण, टीमवर्क और खेल भावना की जीवंत मिसाल भी बना। दिनभर खेले गए रोमांचक मैचों में खिलाड़ियों ने जीत के लिए भरपूर संघर्ष किया।

अंडर-14 वर्ग में: विकास रेसिडेंशियल स्कूल को सनबिन सनसिटी ने 53-19 अंकों से पराजित किया। द मान दिल्ली ने अच्छी शुरुआत की, परंतु जीईएमएस न्यू मिलेनियम स्कूल ने 38-23 अंकों से शानदार जीत दर्ज की। एक कड़े मुकाबले में सीआरएम सोनीपत ने संस्कार स्कूल, जयपुर को 62-46 अंकों से मात दी।

अंडर-17 वर्ग में: सिल्वर हिल्स स्कूल को ए.के.एम. केरला ने 41-18 अंकों से हराया। इंदिरा नेशनल स्कूल और जेवियर स्कूल पंजाब के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें इंदिरा नेशनल स्कूल ने 49-46 अंकों से करीबी जीत हासिल की।

अंडर-19 वर्ग में: सिल्वर हिल्स स्कूल ने ननकाना साहेब स्कूल को 36-31 अंकों से पछाड़ा।, अमनोरा स्कूल, पुणे ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए एस.डी. जैन स्कूल, सूरत को 40-31 अंकों से हराया। श्री अय्यप्पा स्कूल और क्राइस्ट स्कूल के बीच खेले गए मैच में क्राइस्ट स्कूल ने 44-33 अंकों से जीत दर्ज की। डी.पी.एस. बैंगलोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरठ पब्लिक स्कूल को 79-41 अंकों से परास्त किया। `ल के इन मुकाबलों में छात्रों की लगन, अनुशासन और खेल भावना ने दर्शकों को प्रभावित किया। दर्शक दीर्घा में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए दर्शकों ने पूरे दिन खेल का आनंद लिया। शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रतियोगिता और अधिक रोमांचक मोड़ लेगी, और खिताब के लिए संघर्ष और तीव्र होगी। डी.पी.एस. राजनांदगांव परिसर ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल और सांस्कृतिक मूल्यों के समन्वय का केंद्र भी है।

# जनता का बेटा होगा जिले का नेता- राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा



**जिला अध्यक्ष के दावेदारों ने किया जमकर शक्ति प्रदर्शन, जोरदार नारेबाजी के बीच संपन्न हुआ कार्यक्रम**

खैरागढ़/छुईखदान (दावा)। संगठन सृजन अभियान जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शहीद की नगरी छुईखदान के मंगल भवन में आयोजित हुई। जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाया जा रहे हैं,संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान, गंडई जिले के पर्यवेक्षक मुंबई कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंग सपरा के प्रवास पर जिले के कांग्रेसजनों में अभूतपूर्व उत्साह का संचार देखा गया। अपने उद्बोधन शुरू करने से पहले शहीद नगरी के शहीदों और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह को नमन करते हुए,अभियान के उद्देश्यों से कांग्रेसजनों को अवगत कराते हुए कहा,कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के बेटा को संगठन का नेतृत्व मिलेगा,कांग्रेस पार्टी को मजबूत हम सब मिलकर करेंगे।

पर्यवेक्षक चरण सिंग सपरा ने कहा कि यहां नेतृत्व की कमी नहीं है,स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति है,राष्ट्रीय नेतृत्व कार्यकर्ताओं की मंशा को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पार्टी को आगे बढ़ाना चाहती है । इस क्षेत्र में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को देखकर खुशी हो रही है, आज भाजपा मात्र अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए सर्वहारा वर्ग के हितों पर चोट पहुंचा रही है । विशेष कर आदिवासियों के हितों पर इसलिए हमें भाजपा की कुनीति के खिलाफ मजबूती से खड़े होना है,संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस के सशक्त और मजबूत नेतृत्व का चयन कर पार्टी को आगे बढ़ाना ही संगठन सृजन का मूल उद्देश्य है आज भारत का लोकतंत्र विश्वसनीयता खोने के कगार पर है संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग जगजाहिर है,सरप्लस बिजली वाले छ ग राज्य में तो जनता बिजली की मार झेलने को विवश है,प्रदेश में शराब और अपराध का साम्राज्य है,जनता को योजनाओं के नाम पर सिर्फ छला जा रहा है,उससे भी हम सबको छ ग की जनता को बचाना है नए नेतृत्व का निर्णय,आप सब के विचार पर आधारित है,मैं आप सबके बीच आप लोगों की भावना जानने आया हूं बारी-बारी से वरिष्ठ जन कांग्रेस, मोर्चा संगठन के पदाधिकारीगण एवं कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता की भावना को सुनकर शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराना पहली प्राथमिकता है आप कांग्रेसजनों का उत्साह से साफ हो रहा है कि यह जिला कांग्रेस का अभेद गढ़ है।

### दावेदारों के बीच हुआ जमकर शक्ति प्रदर्शन

बुधवार को हुए संकल्प सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के दावेदारों में मिहिर झा, सुनील पांडे, कन्हैया सिंह बैस, कोमल साहू, भिगेश यादव, हेमंत वैष्णव, रमेश साहू, रणजीत चंदेल, अशोक साहू, दुर्गेश साहू, दशमत जंघेल सहित लगभग 15 लोगों के द्वारा दावेदारी प्रस्तुत किए जाने की जानकारी मिली है। बुधवार को हुए कांग्रेस की बैठक में लगभग पूरे जिले से दो हजार कार्यकर्ता उपस्थित थे जो अपने-अपने नेताओं के साथ समर्थक बनकर आए थे।

संगठन सृजन आयोजन में सह प्रभारी विधायक संदीप साहू, उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस वीरेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भूवनेश्वर बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी मोती लाल जंघेल,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, ब्लाक अध्यक्ष छुईखदान रामकुमार पटेल, ब्लाक अध्यक्ष गंडई भिगेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष खैरागढ़ आकाशदीप सिंह 'गोल्डी', ब्लाक अध्यक्ष मुढ़ीपार कोमल साहू, शहर कांग्रेस कमेटी खैरागढ़ के अध्यक्ष भिखम चंद छाजेड़, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी राजा गिरिराज किशोर दास, नगर पंचायत अध्यक्ष छुईखदान नम्रता वैष्णव, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रींकू महोबिया, मिहिर झा, सेवादल अध्यक्ष छोटे देवराज किशोर दास, पद्मा देवी, जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, सुनील कांत पांडे, कन्हैया सिंह बैस, निलेन्द्र शर्मा, भुवनेश्वर साहू, भूपेंद्र दाऊ, हेमंत वैष्णव, विनोद ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> जो गिरने से डरते हैं वह कभी उड़ान नहीं भर सकते।

## सम्पादकीय

# दवाओं के निर्माण, व्यापार में व्याप्त भ्रष्टाचार चिन्ताजनक झोलाछाप डाक्टरों से भी 'मौतें' होती हैं

देश में कफसिरप दवा निर्माता कम्पनियों की खूब चलने वाला सिरप है। सर्दी-खांसी के मरीजों को चिकित्सक वर्ग कोई न कोई किसी न किसी कम्पनी का कफ सिरप खरीदने पर्ची लिखते हैं, जो सामान्य बात है। तगड़े कमीशन के लोभ में चिकित्सक ही दवा की बिक्री को एक लक्ष्य निर्धारित कर बिकवाते हैं। किन्तु, सर्दी-खांसी मिटाने वाले कफ सिरप को पीने के बाद बच्चों की अकाल मृत्यु होनें से पूरा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सजग और सावधान हो गया है।

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप पीने से 11 बच्चों की मौत हो गई है। जिसे वहां के डाक्टर प्रवीण सोनी ने लिखी थी। अब इस डाक्टर को गिरफ्तार किया गया है। संबंधित कफ-सिरप बनाने वाली कम्पनी पर भी जांच का शिकंजा कसा है।

उपयोग में लाए गए कफ सिरप में ''डायलेथिन ग्लाई कोन'' की मात्रा 48.06 प्रतिशत थी। जिसका बच्चों ने सेवन किया था। तमिलनाडू के कांचीपुर स्थित दवा कम्पनी में उक्त कफ सिरप बनी थी। इस कम्पनी की छह इकाइयां देश के छह राज्यों में है। प्रत्येक युनिट के सेम्पल लिए गए थे। जिसकी जांच में कफ सिरप अमानक गुणवत्ता वाली थी। देश की कई नामी कम्पनियों की दवाएं जांच की मुहिम चलने से दवाएं निम्न गुणवत्ता वाली पायी गई थी, कफ सिरप पीने के बाद जिनकी बच्चों की मौत हो गई थी, उनकी रियल बायोप्सी में पाया गया कि उनकी किडनी फेल हो गई थी। जिसके कारण, मौत हो गई थी।

मध्यप्रदेश के छिड़वाड़ा जिला तथा छत्तीसगढ़ में भी अमानक सिरप पीने से बच्चों की मौत हो गई। राजस्थान में भरतपुर और झुनझुन जिले में दो बच्चें और चुरू में एक बच्चें की मौत हो गई थी। विचित्रता यह कि हमारे देश में समय-समय पर ऐसी घटना होती ही रहती है। इसे हमारा दुर्भाग्य ही कहें कि दवा कम्पनियों में निर्मित दवाओं की सतत् जांच ही नहीं होती। दवाओं के मामले में हमारे देश में चंद दिनों के अंतराल में किसी न किसी मुद्दे पर घमासान मचते रहता हैं। नकली दवाओं व आऊट डेटेड दवाएं देश में बैखौफ बिकती हैं। अनेक दवा दुकानों में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट गैरहाजिर रहते हैं। कई दवा दुकानें के फार्मासिस्ट का मासिक बंधी राशि देकर उनकी गैरहाजिर में दुकानों का संचालन होता है। प्रायः हर कोई इसे जानता है। किन्तु, कार्यवाही शून्यवत रहती है। जब जहां मौत की खबरें गुंजाएमान होती है, तब पूरा ड्रग्स एवं कैमिस्ट डिपार्टमेंट सक्रिय होता है। मामला दब जाने के बाद फिर जैसा गोरखधंधा चल रहा था, वैसे ही चलने लगता है। यहां केन्द्र व राज्य सरकारों को सतत् नजर रखने की जरूरत है।

देश में झोला छाप डॉक्टरों की भी संख्या बढ़ते जा रही है। ऐसे फर्जी डाक्टरों पर भी छानबीन अपेक्षित जैसी होनी चाहिए, वैसी नहीं होती। क्लीनिकों में कार्यरत कर्मचारी, थोड़ा अनुभव लेने के बाद बगैर किसी डिग्री के खुद ही डॉक्टर बन जाते हैं और गांव-देहातों में इलाज करते हैं। जिनकी वजह से भी निर्दोष मरीजों की मौत हो जाती है। एक जानकारी के अनुसार देश में झोला छाप फर्जी डाक्टरों की संख्या लगभग 5 लाख है। एक रिपोर्ट में हर पांच डाक्टरों में एक डॉक्टर नकली है। सच्चे डॉक्टर रात-दिन मेहनत करके डॉक्टर बनते हैं और फर्जी डॉक्टर्स धोखाधड़ी कर डॉक्टर कहलाते हैं। देश के प्रायः प्रत्येक राज्यों में फर्जी डॉक्टर्स, फर्जी दवा दुकानें और अमानक दवाईयों का जमावड़ा है। हमारे यहां कफ सिरप के कारण बच्चों की मौत हुई है, यह पहली घटना नहीं है। पूर्व में विभिन्न राज्यों में ऐसी दुःखद घटना हुई है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने भी हमारे देश में ऐसे दवा व्यापार पर चिन्ता प्रगट की है और कई दवाओं पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी भी दी है। लेकिन, ऐसी चेतावनी बेअसर साबित हुई है। त्वरित कार्यवाही, निर्णय लिए नहीं जाते। दवा निर्माण व व्यापार में देश में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है, जो बेरोकटोक चल रहा है।

# करवा से लेकर छन्नी तक... करवा चौथ में कितनी विशेष हैं ये चीजें



हिंदू धर्म में करवा चौथ का दिन बेहद शुभ माना जाता है. इस दिन विवाहित महिलाएं कठोर व्रत का पालन करती हैं. यह पर्व पति और पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण का प्रतीक भी माना जाता है. यह त्योहार विशेष रूप से उत्तर भारत के कुछ राज्यों जैसे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है. इसके अलावा, यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि महिलाएं इस मौके पर अपने पतियों की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं. ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत का पालन करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है. द्रिक पंचांग के अनुसार, इस बार करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर, शुक्रवार को रखा जाएगा.

वहीं, करवा चौथ की पूजा में इस्तेमाल हुई हर चीज बहुत ही महत्वपूर्ण होती है, जिनमें सबसे विशेष दीपक, छन्नी और करवा होता है. तो चलिए जानते हैं कि क्या है इन 3 चीजों का महत्व.

**करवा चौथ में दीपक का महत्व**

करवा चौथ पर दीपक जलाने की परंपरा बेहद शुभ मानी जाती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दीपक की रोशनी इस दिन सिर्फ जीवन में प्रकाश नहीं देती, बल्कि यह सकारात्मकता भी देती है. जब दीपक जलता है तो वह अंधकार और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है, जिससे घर का वातावरण पवित्र और शांत रहता है. इसलिए करवा चौथ की पूजा में दीया जलाना सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है.

**करवा चौथ पर करवा का महत्व**

शास्त्रों के अनुसार, करवा चौथ में इस्तेमाल होने वाला मिट्टी का करवा बहुत ही महत्वपूर्ण होता है. मान्यताओं के अनुसार, यह करवा प्रेम, समर्पण और समृद्धि का भी प्रतीक माना जाता है. पूजा के दौरान इसमें जल भरा जाता है और देवी-देवताओं को अर्पित किया जाता है.

**करवा चौथ पर छन्नी का महत्व**

छन्नी करवा चौथ की सबसे विशेष चीज मानी जाती है. इस दिन जब चांद निकलता है तो महिलाएं इसी छलनी से पहले चांद का दीदार करती हैं और फिर अपने पति के दर्शन करती हैं. ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत में छन्नी से इस प्रयोग से पति और पत्नी के बीच अटूट प्रेम का धागा बंध जाता है.

**करवा चौथ की पूजन विधि**

करवा चौथ के दिन महिलाएं सबसे पहले उठकर सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण करें. उसके बाद, स्नानादि करके महिलाएं सास द्वारा दी गए नए वस्त्र पहनें. फिर, दोपहर में सही मुहूर्त देखकर माता चौथ और माता गौरी की पूजा करें, और सूर्यदेव को अर्घ्य दें. उसके बाद, रात में चंद्रमा की पूजा करने के बाद व्रत का पारण करें.

# //धारणा//

**प्रिया देवांगन 'प्रियू'**



आज बहुत देर हो गई विशाल, मुझे जल्दी जाना था। उनके घर कल बहुत सारे मेहमान आए थे; घर तो चिड़ीया का घोसला बना होगा, काम तो पूछो ही ना....!

जाते ही बुढ़ीया की डाँट सुनो सो अलग; ये मालकिन लोग कहाँ किसी की बातें समझते हैं?

रीना अपने पति विशाल से बातें करते-करते काम पर जाने की तैयारी कर रही थी।

रीना प्लीज़.....आज मत जाओ न। विशाल बोला।

'रीना..... क्या आज भी तुम झूठे बर्तन साफ करोगी?'

हाँ.....रीना दो टूक बोल शांत हो गई और स्लीपर पहन घर से निकल गई।

पूरे रास्ते रीना को बस एक ही सवाल दीमक की तरह खाए जा रहा था; आज तो मेरी खैर नहीं। हे प्रभु! कृपया आज डाँट खाने से बचा लीजिएगा। बड़बड़ाती हुई रीना बुढ़ीया के घर पहुँची।

ट्रिन......ट्रिन.....बेल बजते ही बुढ़िया दरवाजा खोली और ऊपर से नीचे रीना को घूरने लगी। रीना सर नीचे झुका कर बोली सॉरी आंटी आज.... थोड़ी.....!

हम्म....अंदर आओ। कुछ बोलने से पहले ही बुढ़ीया ने रीना को शांत करा दिया।

रीना को थोड़ा आश्चर्य हुआ कि आज बुढ़िया शांत क्यों है! अब सुनने को तैयार हो जा रीना....रीना खुद से बातें करने लगी। ये खडूस बुढ़िया से कोई नहीं बचा पाएगा।

रीना खुसफुसाती हुई रसोई में गई और देखते ही भौंचक रह गई।

अरे.....ये क्या चमत्कार हो गया?

आंटी जी! रसोई का सारा झूठा बर्तन कहाँ हैं और आज घर भी बहुत साफ-सुथरा लग रहा है; कल मेहमान नहीं आए थे क्या?

आए थे चले गए। बुढ़िया बोली।

चले गए मतलब....?

'तुम्हें क्या लगा रीना आज मैं तुमसे हमारे झूठे बर्तन साफ करवाऊँगी? नहीं.....नहीं.......मुझे अच्छे से पता है कि आज तुम्हारा पहला करवा चौथ का व्रत है इसलिए मैं और मेरी देवरानी मिल कर सारा काम खत्म कर दिए ताकि तुम्हारे निर्जला व्रत में कोई कष्ट ना हो।'

लेकिन आंटी जी....रीना धीमे स्वर में बोली।

हाँ रीना, तुम भी तो अपने घर की लक्ष्मी हो न और आज तो अपने पति के लिए निर्जला व्रत भी रखा है तुमने। अगर तुम हमारे झूठे बर्तन साफ करोगी तो मुझे पाप लगेगा।

रीना को ऐसा लगा जैसे कोई सॉप सूँघ गया हो। हैरानी से बुढ़िया को एक टक निहारती रही।

बातें सुन रीना की आँखों में आँसू की दो बूँदें झलकने लगीं।

तुम्हारे आते ही मैंने चेहरा पढ़ लिया था। ऐसे ही धूप में बाल सफेद नहीं किए है मैंने। रीना स्टैच्यू की तरह खड़ी रही।

तभी बुढ़ीया बोली-'रीना, देखो ये मेरी साड़ी और ये मेकअप किट; तुम पर बहुत अच्छी लगेगी।

पर आंटी जी इसकी क्या जरूरत.....!

नहीं री.....ये रखो मेरा आशीर्वाद समझ लो। बुढ़ीया की बात नहीं मानेगी?

बुढ़ीया मुस्कुराती हुई बोली।

मुझे माफ कर दीजिए आंटी जी, मैंने आपके बारे में न जाने कैसी गलत धारणा बना ली थी। रीना मायूस हो कर बोली।

अच्छा आंटी जी, मैं चलती हूँ कल समय से आ जाऊँगी।

न....न....कल तुम आराम करना, परसों मिलते हैं।

जी आंटी जी।

रीना सुनो....।

रीना झट से पीछे मुड़ी।

बेटा मैं तो तुम्हें देख नहीं पाऊँगी, ये साड़ी और मेकअप में; तो फिर....??

कोई बात नहीं आंटी जी मैं आपको व्हाट्स एप पर फोटो शेयर कर दूँगी।

फिर क्या था.......दोनों की हँसी घर में गूँजने लगी; और रीना भगवान को धन्यवाद करती हुई आगे बढ़ चली।

**राजिम, जिला-गरियाबंद, छत्तीसगढ़**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्रः संदर्भ नयेः सुख और दुख का अनुभव स्वाभाविक है लेकिन उद्विग्नता नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जीवन में हमारे अनुकूल कार्य होने पर हम प्रसन्न होते हैं और ऐसे में मन में सुख का तथा हृदय में आनंद का अनुभव होता है। ऐसा होना अत्यंत स्वाभाविक है। ठीक इसके विपरीत जब कार्य हमारे अनुकूल नहीं होता और हम कार्य का मनोवांछित परिणाम प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो दुखी हो उठते हैं। अब यह कहना अनुचित होगा कि सुख का प्रसंग उपस्थित होने पर भी व्यक्ति प्रसन्नता का अनुभव न करे या प्रसन्नता व्यक्त ना करे। इसी तरह दुख की स्थिति में हम उसका प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं, अतः इसका प्रकटीकरण भी स्वाभाविक है।

सुख और दुख के द्वंद्व के साथ-साथ विचार करें तो असुरक्षा बोध हमारे मन में अकस्मात भय उत्पन्न करता है, लेकिन जिसके मन और हृदय में आराध्य बसे हैं,भय उसका क्या बिगाड़ लेगा? परिस्थिति वश अचानक क्रोध भी स्वाभाविक है। कभी-कभी यह किसी के सुधार कार्य के लिए भी होता है। इतना याद रखें कि क्रोध के साथ विवेक को बनाए रखें अन्यथा क्रोध हमें स्वयं के नियंत्रण से बाहर कर देता है। हम याद रखें कि यह क्रोध किसी के हृदय को आहत करने की हद तक ना हो। स्थितप्रज्ञता की शुरुआत रोजमर्रा के छोटे-छोटे कामों से भी हो सकती है। वास्तव में सुख और दुख किसी जलाशय में पानी की लहरों के समान हमारे समक्ष आते और जाते रहते हैं। हम इन्हें समान भाव से भी नहीं ले सकते हैं क्योंकि दोनों में फर्क है। इसीलिए दोनों के प्रति हमारे मन में अलग-अलग प्रतिक्रिया होती है। तथापि एक कार्य मनुष्य के हाथ में है और वह यह है कि चाहे प्रसंग सुख का हो, सफलता का हो, उपलब्धि का हो या दुख असफलता और कुछ खो देने का हो, दोनों ही स्थितियों में मनुष्य को अपना संतुलन बनाए रखना चाहिए। उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि यह स्थिति अस्थाई है और इसे बदलने में देर नहीं लगेगी। अतः दुख की प्राप्ति होने पर अवसाद में चले जाना और निराशा में डूबे रहना भी अनुचित है और सुख की प्राप्ति होने पर अत्यधिक प्रसन्न होकर असंतुलित व्यवहार करना और सुख को स्थाई बनाने का प्रयास करना या इसे लेकर असुरक्षा बोध पालन करना,दोनों अनुचित है।

स्रोत श्लोकः-

गीता में भगवान श्री कृष्ण ने

वीर अर्जुन से कहा हैः-

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः।

वीतरागभयक्रोधः

स्थितधीर्मुनिरुच्यते।।2/56।।

इसका अर्थ है, दुःखों की प्राप्ति होने पर जिसके मनमें उद्वेग नहीं होता और सुखों की प्राप्ति होने पर जिसके मन में लालसा नहीं होती तथा जो राग, भय और क्रोध से सर्वथा मुक्त हो गया है, वह मननशील मनुष्य स्थिरबुद्धि कहा जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -194

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू- दोकू क्र.194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## सामयिक चर्चा

# रायपुर की सड़कों ने हमें सांत्वना दी

बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज हमारे राज्य की राजधानी
रायपुर शहर की खबर -
वहां के बैजनाथ पारा जी.ई. रोड,
मालवीय रोड, बायपास, पुरानी बस्ती
और सदर बाजार में
ट्रैफिक का बुरा हाल है।
सड़क पर चलने वालों का हाल-बेहाल है।
वजह है, सड़कों पर अवैध कब्जे।
इन इलाकों में 10 फीट चौड़ी सड़कें,
दबंगों के कब्जे के कारण,
मालूम गजाधर! सिकुड़ कर,
महज 15 से 20 फीट की रह गई है।
तो इस पर आपकी मन-बुद्धि
आज आपसे क्या कह गई है ?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
आपसे रायपुर की सड़कों की
लाचारी सुनकर, हमारे मन में,
सद्भावना की भावना जगने लगी है।
देखो बानी! हमारे शहर के बाजारों में भी
निर्भीक व्यापारियों द्वारा,
सड़कों पर सामान फैलाकर
बेहिचक कारोबार करने से
सिकुड़ी-सिमटी हुई सड़कों पर
बच-बचकर चलने में, हमें जो पहले,
बड़ी तकलीफ अनुभव हुआ करती थी,
वो कष्ट-तकलीफ,
अब हमें कम लगने लगी है।''



**गिरीश बख्शी**


# हिन्दुस्तान की आन

पानीपत का तीसरा युद्ध समाप्त हो चुका था। मराठे हार चुके थे और अहमदशाह अब्दाली विजयी हुआ था। मराठों की तरफ से मशहूर तोपची व हिन्दुस्तान की आनइब्राहिम गार्दी ने अफगानी सेना को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया था। दुर्भाग्य से उसे जख्मी हालत में कैद कर लिया गया। अब्दाली ने आदेश दिया इब्राहिम को पेश किया जाए।

सामने लाए जाने पर अब्दाली बोला- हैदराबाद के निजाम की नौकरी क्यों छोड़ी? इब्राहिम ने जवाब दिया- उसका रवैया मेरे सिद्धांतों के खिलाफ था। अब्दाली गुर्राया- मुसलमान होकर फिरंगी जबान पढ़ी, निजाम की नौकरी छोड़ी और मराठों का साथ दिया? खैर, चलो मैं तुम्हें माफ करता हूं, माफी मांग लो। इब्राहिम ने कहा- माफी किस बात की? अब्दाली गुस्से से बोला, गुस्ताख ! जानते हो किसके सामने


अब्दाली ने कहा, दुख है कि मुसलमान होकर तुमने अपनी जिंदगी बर्बाद की! इब्राहिम ने कहा- तब तो आपको मालूम नहीं कि मुसलमान किसे कहते हैं। जो अपने मुल्क से घात करे, बेगुनाहों का खून बहाने में साथ दे, वह मुसलमान हरगिज नहीं! अब्दाली गुस्से से बोला- तौबा कहो, नहीं तो तेरे जिस्म के हजारों टुकड़े होंगे। इब्राहिम ने मुस्कुराते हुए कहा- मेरे जिस्म के हजारों टुकड़े करके भी मेरी आत्मा को छू तक न पाओगे। अब कुछ नरमी दिखाते हुए अब्दाली ने कहा- अच्छा, हम तुम्हें तौबा करने के लिए कुछ वक्त देते हैं। तुम्हें छोड़ देंगे और फौज में तुम्हें ऊंचा पद भी दे देंगे। इब्राहिम ने कहा- इंसानियत के लिए शहीद होने वाले कहीं तौबा करते हैं? इब्राहिम देश के लिए शहीद हो गया।

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।



**वृष राशि**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है।




**मिथुन**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है।



**सिंह**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं। काम पर ध्यान बनाए रखें।




**कन्या**

आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा।



**तुला**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।




**धनु**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे।




**मकर**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।



**कुंभ**

आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा। प्रकृति के बीच समय बिताने से फ्रेशनेस महसूस होगी।



**मीन**

आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे। छात्रों के लिए सफलता का दिन साबित होगा, बस थोड़ी और मेहनत करें।

# प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष के संगीत नगरी प्रथम आगमन पर भाजयुमो ने किया भव्य स्वागत



0 जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी के नेतृत्व में निकाली गई बाइक रैली

खैरागढ़ (दावा)। भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा का जिले में प्रथम आगमन हुआ। इस अवसर पर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी के नेतृत्व में धरमपुरा शनि मंदिर से बाइक रैली निकाली गई, जो खैरागढ़ नगर होते हुए जिला भाजपा कार्यालय तक पहुँची। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में जिला के वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही।

### प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं को आभार प्रकट करते हुए कहा कि 'युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ हमारी लड़ाई में कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने अपने संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि बेमेतरा जिले से दूसरी बार जिला पंचायत सभापति बना हूं, यह पार्टी और कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में सुशासन के साथ कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास किया है।

टिकरिहा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और 24 किमी सेतु निर्माण जैसे कार्य हुए हैं, जो भारत के स्वाभिमान का प्रतीक हैं। उन्होंने सभी युवा कार्यकर्ताओं से निस्वार्थ भाव से सेवा करने का आह्वान किया।

जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने स्वागत भाषण में प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम आगमन पर आभार जताया और कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। उन्होंने 2028 विधानसभा चुनाव में खैरागढ़ सीट पर भाजपा का परचम लहराने का संकल्प दोहराया।

### भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने युवाओं को दिया संदेश

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने कार्यक्रम में कहा कि संगीत नगरी खैरागढ़ में प्रदेश अध्यक्ष का आगमन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि 2028 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार फिर से बने, इसके लिए युवा मोर्चा को अभी से जुट जाना चाहिए।

इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष टीके चंदेल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, आलोक श्रीवास, मंडल महामंत्री ऋषभ सिंह बघेल, राकेश ठाकुर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. राजेश्री त्रिपाठी, प्रकाश वर्मा, प्रकाश सिंह, शैलेन्द्र त्रिपाठी, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, जैनेन्द्र जंघेल, भाजयुमो शहर अध्यक्ष अनीश सिंह 'दादू', हर्ष वर्मा, प्रेमसागर गुप्ता, राकेश ठाकुर, हरप्रसाद वर्मा, रामकुमार जोशी, रवि भावनानी, हिमेश यदु, जयप्रकाश साहू, मंजीत सिंह, अर्जुन क्षत्रिय, हर्षवर्धन वर्मा, वंदना तांडेकर, नीलिमा राजपूत समेत सैकड़ों युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

### विक्रांत सिंह ने बताया कांग्रेस शासन में टिकरिहा की संघर्ष यात्रा

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि राहुल योगराज टिकरिहा ने कांग्रेस सरकार के दमनकारी रवैये का डटकर मुकाबला किया। उनके ऊपर 14 एफआईआर दर्ज हुई और कई बार जेल भेजा भी गए, फिर भी उनका जज्बा नहीं टूटा। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा को सेवा, समय और समर्पण भाव से रचनात्मक कार्यों में भाग लेना चाहिए।

### खम्हन ताम्रकार और कोमल जंघेल ने भी अपने रखे विचार

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने कहा कि टिकरिहा ने कांग्रेस शासन में संघर्ष कर जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर कार्य किया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में युवा मोर्चा और सशक्त रूप से कार्य करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन ने किया और समापन पर ललित चोपड़ा ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया।

# ठाकुरटोला और मालाडबरी में बनेगी सीसी रोड, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया भूमिपूजन



ठेलकाडीह (दावा)। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी करते हुए ठाकुरटोला और मालाडबरी (बहेराभांठा पंचायत का आश्रित ग्राम) में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। पिछले कई सालों से इन गांवों के ग्रामीण सीसी सड़क की मांग कर रहे थे। बारिश के समय में यह कच्चा मार्ग कीचड़ से भर जाता था। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में हर साल भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस मौके पर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बगैर किसी भेदभाव के विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि वह लगातार गांवों के विकास के लिए प्रयासरत हैं। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जिन्होंने सीसी रोड निर्माण शुरू होने पर विधायक का आभार व्यक्त किया। नई सड़क बनने से ग्रामीणों को बारिश के दिनों में होने वाली समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम हो जाएगा।

## पहला कॉलम...

# शिक्षक समाज का आईना होता है - गांधी



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरगांव के प्रधानपाठक एवं समाजसेवी रेवादास मानिकपुरी के सेवानिवृत्ति उपरांत उनके शुभचिंतकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा वृहद सम्मान समारोह का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित किया गया। आयोजन में उपस्थित आतिथियों में प्रमुख रूप से पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, प्रेस क्लब डोंगरगांव अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, मोहला-मानपुर से पहुंचे वरिष्ठ शिक्षाविद उमेंद देवांगन, अनुज तुलावी, चिंताराम नायक, मनहरण पिथौरा, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, रामकुमार गुप्ता एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी व नगरवासी उपस्थित थे। जिन्होंने अपने स्मरण में श्री मानिकपुरी के 42 वर्षो के अनवरत सेवाकाल को विभिन्न प्रसंगों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए योगदान तथा विशेष रूप से वनांचल क्षेत्र में पदस्थापना के दौरान शाला त्यागी बच्चों का शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों की सराहनी की।बता दें कि श्री मानिकपुरी राष्ट्रीय सेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख तथा विद्याभारती संगठन के जिला प्रतिनिधी तथा छग शिक्षक संघ राजनांदगांव के जिला उपाध्यक्ष हैं। इस दौरान के.डी. साहू, राजेश गायकवाड़, हेमराय निर्मलकर, विजय जैन, मिताली कटकवार, सीता गुप्ता, सरिता साहू, मनीष बोहरा, शांतनु वैष्णव, दीपक शर्मा, अप्पू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्री मानिकपुरी के शिष्य व परिचितगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुमधुर संगीत का भी आयोजन किया गया था।

# कांग्रेस नेता नवाज खान शोक संतृप्त सिंगी परिवार से मिले



खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस नेता एवं जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने विगत दिनों शोक संतप्त सिंगी परिवार से मुलाकात की। पूर्व जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष नवाज खान विगत दिनों खैरागढ़ पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व एल्डरमैन व कांग्रेस के युवा नेता रतन सिंगी की दादी स्व. झम्मू बाई सिंगी के निधन की खबर मिलते ही वे उनके घर पहुंचे और मृतक स्व. सिंगी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रति अपनी शोक संवेदना भी व्यक्त की। इस दौरान पर नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह गोल्डी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखम छाजेड़, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंडित मिहिर झा, मुढ़ीपार ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष कोमल दास साहू, युवा कांग्रेस नेता समीर कुरैशी व मंडल अध्यक्ष राजा सोलंकी सहित मृतिका स्व. झम्मू बाई सिंगी के पुत्रगण क्रमशः हीरालाल सिंगी, अनिल सिंगी, सुनील सिंगी, किशन सिंगी, वीरेंद्र सिंगी व कमलेश सिंगी भी मौजूद रहें।

# नगर में एक दिवसीय श्री सदगुरु कबीर संत समागम समारोह

## हजारों की संख्या में पहुंचे अनुयायी




गंडई पंडरिया (दावा)। श्री सद्‌गुरु कबीर संत समागम समारोह का एक दिवसीय कार्यक्रम नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में बीते मंगलवार को सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहब प्रचार समिति आमिन माता एवं नव युवक मंडल समस्त कबीरपंथी समाज परीक्षेत्र गंडई पंडरिया के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री हुजूर उदित मुनिनाम साहब का प्रथम गंडई नगर आगमन हुआ। कार्यक्रम दिनभर चलता रहा। जिसमें सुबह गुरु महिमा पाठ, भजन सतसंग महंत (राजूदास साहेब) नगर में शोभायात्रा और पंथ जी आशीर्वाद दर्शन भेंट बंदगी शामिल है। नव वंशाचार्य पंथ के उदित मुनि साहेब का आगमन शाम को हुआ। जहां पर भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं द्वारा कार्यक्रम स्थल से पटेल पारा तक कलश यात्रा निकाली गई। जहां पर गुरु जी स्वागत किया गया। रास्तेभर साहेब जी का गुरु वंदना करते हुए कार्यक्रम स्थल तक वापसी हुई। कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए नगर के मछली मटन मार्केट को बंद रखा गया। साथ ही पुलिस की कड़ी व्यवस्था रही। कार्यक्रम में लगभग दस हजार की संख्या में अनुयायी शामिल रहे।

# किसानों के हित में प्रतिबद्ध है डबल इंजन की सरकार - आलोक ठाकुर



## खैरागढ़ में प्रेसवार्ता में बोले किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने अपने प्रदेश प्रवास के दौरान बुधवार को खैरागढ़ में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में प्रेस वार्ता ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और किसानों के बिना भारत की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार वे पूरे प्रदेश में प्रवास कर किसानों और कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को समझा जा सके। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई विस्तार परियोजनाएं और अन्य किसानोन्मुख योजनाओं से आज किसानों का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा है। आलोक ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी जमीनी स्तर पर जाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर पात्र किसान को योजनाओं का लाभ मिले।

प्रेसवार्ता में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा नंद चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष व जिला भाजपा उपाध्यक्ष निलीमा गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की सराहना की।

# जीएसटी बजट उत्सव के साथ हर घर स्वदेशी संवाद




गंडई पंडरिया (दावा)। आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में, बीते मंगलवार को गंडई पंडरिया में जीएसटी बजट उत्सव एवं हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारी भाइयों से संवाद कर उन्हें स्वदेशी संकल्प दिलाया गया।

यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक राजेश मेहता के मार्गदर्शन और मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत ए मार्केट और बी मार्केट एरिया में की गई। इसमें दुकानदारों को स्वदेशी अपनाओ, भारत को आत्मनिर्भर बनाओ का संकल्प दिलाया गया। इस आयोजन में महामंत्री रजेलाल, श्यामपाल ताम्रकार, कमलेश जंघेल, राजू जंघेल, भीखू हिरवानी, टेकन देवांगन, दूजे वर्मा, रोहन ताम्रकार, हेमंत वर्मा, संजय राजपूत, जगेसर देवांगन सहित व्यापारी वर्ग से गौतमचंद जैन, लक्ष्मण देवांगन, आशीष अग्रवाल और अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# पीएमश्री विद्यालय गंडई में अटल टीकरिंग लैब, कला सांस्कृतिक और अतिरिक्त कक्ष का होगा निर्माण, नपं अध्यक्ष खुशरो ने किया भूमिपूजन

## सभी ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण ध्यान रखते हुए कार्य करने की बात कही



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने स्थानीय लाल मूरत सिंह खुसरो पीएमश्री हिंदी/अंग्रेजी विद्यालय गंडई में बुधवार 8 अक्टूबर को अटल टीकरिंग लैब और कला सांस्कृतिक कक्ष के साथ ही टिकरीपारा पीएमश्री शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में भी अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का भी भूमिपूजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

अटल टीकरिंग लैब के निर्माण कार्य का जिम्मा चारु कंट्रक्शन संचालक संजय यादव पंडरिया वार्ड 2 को दिया गया है। कला सांस्कृतिक कक्ष के निर्माण का जिम्मा किशनलाल यादव पंडरिया वार्ड 2 निवासी को दिया गया है। उसी प्रकार टिकरीपारा पीएम श्री कन्या प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का ठेका इमरान कंट्रक्शन कंपनी गंडई को दिया गया है। प्रत्येक कार्य के लिए 6 लाख 83 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला केसीजी के द्वारा आबंटन प्राप्त हुआ है। सभी कार्यों के लिए समय सीमा चार माह निर्धारित किया गया है। निर्माण कार्यों के लिए सभी तीनों ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्तापूर्ण ध्यान रखते हुए किए जाने का निर्देश दिया गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में निकाय अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, जनभागीदारी समिती अध्यक्ष संजय राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि क्रांति ताम्रकार, संतोष सोनी, शैलेंद्र दुबे, प्राचार्य पवन ददरया, सीएमओ अविनाश देवांगन, युगल ताम्रकार, गजेंद्र पटेल सहित ठेकेदार उपस्थित रहे।

# आज सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नेहरू स्टेडियम में मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन



## मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित ध्यान, योग एवं सकारात्मक सोच आवश्यक - आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. शुभी खान

डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में 10 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के स्टेडियम परिसर में ध्यान एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। यह विशेष योग सत्र विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण, आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थीगण एवं नगर के नागरिक भाग लेंगे।

योग सत्र का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आयुर्वेदिक चिकित्क डॉ. शुभी खान द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्यान एवं प्राणायाम की विभिन्न विधियां सिखाई और उनके लाभ बताएंगे। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित ध्यान, योग एवं सकारात्मक सोच आवश्यक है। शिविर के दौरान अनुलोम-विलोम, कपालभार्ति, भ्रामरी तथा ताड़ासन, वज्रासन आदि आसनों का अभ्यास एवं ध्यान एवं योग के माध्यम से मानसिक शांति व ऊर्जा का प्राप्त करने की विधि बताई जाएगी। नेहरू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती ने इस स्वास्थ्य शिविर में एनएसएस, एनसीसी इकाई के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की है।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर ग्रामों में स्वयंसेवक कर रहे हैं पथ संचलन



डोंगरगांव (दावा)। इन दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत संघ के स्वयंसेवक योजनानुसार मंडल और क्षेत्र के ग्रामों में पहुंच रहे हैं। बीते रविवार को डोंगरगांव खंड अंतर्गत आने वाले ग्राम आरी में विजयादशमी पर्व के पावन अवसर पर वृहद पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि प्राचीन कबीरमठ नादिया के महंत गिरवर साहेब, वहीं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांत के संपर्क प्रमुख संजय दुबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्वयं सेवकों एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित कर संघ कार्यों का उल्लेख करते हुए नवदेवियों के स्वरूप तथा उनके उपासना को विस्तार कर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में स्वयंसेवक स्व प्रेरणा से आते हैं और समाज तथा राष्ट्र की सेवा में सदैव रत रहते हैं। वहीं मुख्य वक्ता प्रांत संपर्क प्रमुख संजय दुबे ने अपने प्रबोधन में विजयादशमी पर्व के महत्व को बताते हुए महज सात लोगों से सौ वर्ष पूर्व एक छोटे से कमरे में संघ की आधारशिला आज संपूर्ण विश्व में अपने सेवा कार्यों को लेकर सबसे बड़े संगठन के रूप में स्थापित है। यह सब स्वयंसेवकों की निष्ठा तथा उनके सेवाकार्यों से संभव हो पाया। श्री दुबे ने संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत किये जाने वाले विभिन्न कार्यों को बताया। जिसमें वृहद गृह संपर्क अभियान, हिन्दू सम्मेलन, युवाओं को संगठित करने के लिए युवा कार्य जैसे अन्य आयोजनों को वर्षभर में संचालित किये जाने की बात कही। उन्होंने पंच परिवर्तन जिसमें स्व बोध, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार एवं कुटुम्ब प्रबोधन के विषय को विस्तार से समझाते हुए इसे अपनाकर परिवार समाज एवं राष्ट्र के सम्पूर्ण विकास में योगदान देने की बात कही।

### आसरा और किरगी मंडल में भी हुआ आयोजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रगटीकरण कार्यक्रम विजयादशमी उत्सव का आयोजन डोंगरगांव खंड के अंतर्गत मंडल आसरा के ग्राम अरसीटोला एवं किरगी मंडल केन्द्र ग्राम किरगी में वृहद पथ संचलन एवं शस्त्रपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्राम किरगी में पथ संचलन उपरांत आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संपर्क प्रमुख संजय दुबे थे। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक उमेश कुमार साहू रहे। उक्त आयोजनों में खंड संचालक दिग्विजय क्षत्रिय, विभाग प्रचार प्रमुख रेवादास मानिकपुरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, डिकेश साहू जिला भाजपा महामंत्री, जि.पं.सदस्य जागृति यदु, नपं.डोंगरगांव अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, जनपद सदस्य विवेक मंडावी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, श्रवण निषाद, चुन्नी यदु, राधेकिशन पटेल सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष : लाल बहादुर नगर मंडल में पथ संचलन, मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत



डोंगरगढ़ (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लाल बहादुर नगर मंडल द्वारा संघ शताब्दी वर्ष निमित्त विजयादशमी उत्सव पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चारभाठा मंडल एवं अन्य आसपास के ग्रामीण अंचल के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। साथ ही राष्ट्र सेवा के लिए समाज में कार्य करने वाले कार्यकर्ता बंधुगण एवं वरिष्ठगण भी शामिल हुए। माताओं ने पथ संचलन का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया।

संघ शताब्दी वर्ष में लगातार समाज के बीच में जाकर राष्ट्र सेवा के लिए सभी जनमानस को प्रेरित कर रहे है। इसी कड़ी में लाल बहादुर नगर मंडल में भी पथ संचलन का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव भ्रमण कर मंचीय कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विष्णुसाव सामाजिक समरसता विभाग संयोजक राजनांदगांव के ऊर्जास्रोत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। साथ ही मुख्य अतिथि अभय बाजपाई जी एवं डोंगरगढ़ खंड के खंड संघचालक जागेश्वर निषाद ग्राम के वरिष्ठ नागरिक आसपास के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## साउथ अफ्रीका के क्वेना मफाका हैमस्ट्रिंग पाकिस्तान दौरे से बाहर

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका की टीम तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने के लिए पाकिस्तान पहुंच चुकी है। यहां पहुंचते ही साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा तेज गेंदबाज क्वेना मफाका हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण नामीबिया के खिलाफ एकमात्र ञ्20ढ्ढ मैच और आगामी पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 19 साल के क्वेना मफाका को यह चोट केप टाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर खेले गए डीपी वर्ल्ड लायंस और वेस्टर्न प्रॉविंस के बीच 4-दिवसीय सीरीज के पहले मैच के दौरान लगी थी। मेडिकल जांच में पता चला कि उनके हैमस्ट्रिंग में ग्रेड 1-2 स्ट्रेन है, जिसके चलते उन्हें कम से कम चार हफ्तों तक रिहैबिलिटेशन में रहना होगा।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका (छ्व्र) ने उनकी जगह तेज गेंदबाज ऑटनील बार्टमैन को नामीबिया के खिलाफ 11 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया है। बार्टमैन को इसी महीने के अंत में होने वाली तीन मैचों की ञ्20 सीरीज के लिए पाकिस्तान दौरे पर भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं, ह्लछ्वढ्ढ स्क्वॉड में बदलाव करते हुए लिजाड विलियम्स को पाकिस्तान के खिलाफ ह्लछ्वढ्ढ सीरीज के लिए टीम का हिस्सा बनाया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (छ्व्र) के के मुताबिक, मफाका की चोट गंभीर नहीं है, लेकिन टीम मैनेजमेंट उनके करियर को ध्यान में रखते हुए किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता। उन्हें पूरी तरह फिट होकर अगले घरेलू सत्र में वापसी की उम्मीद है।

## अयोध्या में भीषण विस्फोट से मकान धराशायी, मलबे में दबने से पांच की मौत

अयोध्या। पूराकलंदर के पगलाभारी गांव स्थित एक मकान में गुरुवार की शाम भीषण विस्फोट हुआ। इससे पूरा मकान धराशायी हो गया और परिवार के दो बच्चों सहित पांच लोगों की मृत्यु हो गई। विस्फोट के बाद ये सभी मलबे में दब गए थे। अभी दो अन्य के भी दबे होने की आशंका है। इससे पहले गत वर्ष 13 अप्रैल को भी मृतक रामकुमार गुप्त की आटा चक्की वाले मकान में विस्फोट हो गया था। इसमें उनकी माता शिवपती, पत्नी बिंदु और एक बच्चे की मौत हो गई थी। घटनास्थल पर पहुंचे जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर पुलिस टीम के साथ दबे लोगों को निकलवाने में जुटे हैं। गांव निवासी रामकुमार गुप्त के घर में वर्ष 2024 में विस्फोट के बाद मकान जमींदोज हो गया था। इसमें पत्नी की मौत के बाद उन्होंने साली के साथ शादी कर गांव के बाहर मकान बनवा लिया था और वहीं निवास कर रहे थे। गुरुवार शाम सात बजे अचानक एक बार फिर उनके मकान में भीषण विस्फोट हो गया। इससे मकान में मौजूद रहे दो बच्चों समेत पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, यहां पहुंचने के बाद डा. आशीष पाठक ने मृत्यु हो जाने की पुष्टि की। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने छत के नीचे रामकुमार की पत्नी और एक श्रमिक के दबे होने की जानकारी दी है। उनकी तलाश में पुलिस टीम जेसीबी से मलबा हटवा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी संजीव सिंह से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु उनसे संपर्क नहीं हो सका। अभी विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## बस्तर-महाराष्ट्र को मिलेगा सीधा हाईवे कनेक्शन; ,एनएच130डी निर्माण को मिली रफ्तार, 152 करोड़ का टेंडर जारी

रायपुर। बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी के निर्माण को नई गति मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने कुतुल से नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक 21.5 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस सड़क के निर्माण के लिए न्यूनतम टेंडर देने वाले ठेकेदार से अनुबंध की प्रक्रिया शर्तों सहित पूरी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा प्रमुख अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर को दिए गए हैं। कुल तीन खंडों में निर्मित होने वाले 21.5 किलोमीटर सड़क के निर्माण हेतु लगभग 152 करोड़ रुपए न्यूनतम टेंडर दर प्राप्त हुई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। यह उल्लेखनीय है कि कुतुल, नारायणपुर जिले के अबूझमाढ़ क्षेत्र में स्थित है और कुतुल से महाराष्ट्र सीमा पर स्थित नीलांगुर की दूरी 21.5 किलोमीटर है। यह नेशनल हाईवे 130-डी का हिस्सा है। इस सड़क का निर्माण टू-लेन पेव्ड शोल्डर सहित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनएच-130डी राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 195 किलोमीटर है। यह एनएच-30 का शाखा मार्ग (स्पर रूट) है। यह कोण्डागांव से शुरू होकर नारायणपुर, कुतुल होते हुए नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक जाता है। आगे महाराष्ट्र में यह बिंगुंडा, लहरे, धोदराज, भमरगढ़, हेमा, लकासा होते हुए आलापल्ली तक पहुँचता है, जहाँ यह एनएच-353डी से जुड़ जाता है। इस मार्ग के विकसित होने से बस्तर क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ जाएगा और व्यापार, पर्यटन एवं सुरक्षा को बड़ी मजबूती प्राप्त होगी। नेशनल हाईवे 130-डी का कोण्डागांव से नारायणपुर तक का लगभग 50 किमी हिस्सा निर्माणाधीन है। नारायणपुर से कुतुल की दूरी 50 किमी है और वहाँ से महाराष्ट्र सीमा स्थित नीलांगुर तक 21.5 किमी की दूरी है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लंबाई 195 किमी है, जिसमें से लगभग 122 किमी का हिस्सा कोण्डागांव-नारायणपुर से कुतुल होते हुए नीलांगुर तक छत्तीसगढ़ राज्य में आता है।

# डिक्लर्क ने पलटी बाजी... भारतीय टीम का विजयरथ रुका, साउथ अफ्रीका ने रोमांचक मुकाबले में हराया



विशाखापत्तनम। आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 के मैच नंबर-10 में आज भारत का सामना साउथ अफ्रीका से हुआ. विशाखापत्तनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत हासिल की. साउथ अफ्रीकी की जीत में नादिन डिक्लर्क की अहम भूमिका रही. क्लर्क ने 54 गेंदों पर नाबाद 84 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 5 छक्के शामिल रहे.

भारतीय टीम की मौजूदा टूर्नामेंट में ये पहली हार रही. भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शुरुआती दोनों मुकाबले जीते थे. भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 59 रनों से जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान को 88 रनों से पीटा था. दूसरी तरफ साउथ अफ्रीकी टीम के खिलाफ 10 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी. फिर उसने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया था. अब भारतीय टीम अपने चौथे मुकाबले में 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी.

टारगेट का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब रही. उसने 57 रनों के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए. ताजमिन ब्रिट्स (0 रन), सुने लुस (5 रन), मारिजाने कैप (20 रन) और एनेके बॉश (1 रन) बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाई. विकेटकीपर सिनालो जाफ्टा (14) ने इंटेंट दिखाने की कोशिश की, लेकिन श्री चरणी ने उनकी इनिंग्सा का खात्मा कर दिया.

81 रनों पर पांच विकेट गिरने के बाद कप्तान लौरा वोलवार्ड और क्लो ट्रायोन ने छठे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी हुई. वोलावार्ड 70 रन बनाकर आउट हुईं. वोलवार्ड ने 111 गेंदों की इनिंग्स में 8 चौके लगाए. वोलवार्ड के आउट होने के बाद ट्रायोन और नादिन डिक्लर्क के बीच सातवें विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की, जिसने मैच को रोमांचक बनाया. ट्रायोन ने 5 चौके की मदद से 66 गेंदों पर 49 रन बनाए.

## क्रिकेटर रिंकू सिंह से डी कंपनी के नाम पर मांगी गई 5 करोड़ की फिरौती

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी रिंकू सिंह को अंडरवर्ल्ड से धमकी मिलने की खबर आई है. मुंबई की क्राइम ब्रांच ने इसे लेकर खुलासा किया है. दिवंगत एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के बेटे ज़ीशान सिद्दीकी को धमकी देने के मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद दिलशाद नौशाद ने भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह से भी 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी. सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने रिंकू सिंह के इवेंट मैनेजर को भी धमकी भरा ईमेल भेजा था. दोनों मामलों में आरोपी ने खुद को डी-कंपनी का सदस्य बताते हुए फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी.

मुंबई पुलिस ने इस मामले में पहली बार एक अनोखी कार्रवाई करते हुए बिहार के दरभंगा निवासी 33 वर्षीय मोहम्मद दिलशाद नौशाद को त्रिनिदाद और टोबैगो से प्रत्यर्पित किया था. आरोपी पर आरोप है कि उसने एनसीपी विधायक ज़ीशान सिद्दीकी को डी-कंपनी के नाम से धमकी भरे ईमेल भेजकर 10 करोड़ रुपये की मांग की थी.

दिलशाद, जो मूल रूप से बिहार के दरभंगा का रहने वाला है, को इंटरपोल के जरिए जारी किए गए लुक आउट सर्कुलर के आधार पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गिरफ्तार किया गया था. आपको बता दें अप्रैल 2025 में ज़ीशान सिद्दीकी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें ईमेल के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई है. इस मेल में लिखा गया था कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो उनका अंजाम उनके पिता बाबा सिद्दीकी जैसा होगा. ये धमकी भरे ईमेल 19 से 21 अप्रैल 2025 के बीच भेजे गए थे.

## 25 गीगावाट सौर क्षमता के साथ भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक : प्रह्लाद जोशी




नई दिल्ली । केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के अनुसार, लगभग 125 गीगावाट सौर क्षमता के साथ भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा का आठवां सत्र 27 से 30 अक्टूबर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। यह आयोजन विश्व को एक सूरज, एक विजन और सौर ऊर्जा के प्रति एक साझा प्रतिबद्धता के तहत एक साथ लाएगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि भारत ने निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही अपने रिन्यूएबल एनर्जी लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया और गैर-जीवाश्म संसाधनों से प्राप्त कुल स्थापित बिजली क्षमता में 50 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया। भारत के सौर ऊर्जा उत्पादक देश के रूप में प्रगति दर्शाती है कि राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा स्थानीय स्तर पर सार्थक बदलाव में परिवर्तित हो सकती है।

उन्होंने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारी सफलता की कहानी केवल संख्याओं से अधिक है; यह लोगों के बारे में है। हमने देखा कि विकेन्द्रीकृत सौर ऊर्जा जीवन में बदलाव लाती है, ग्रामीण घरों में रोशनी लाती है, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों को शक्ति प्रदान करती है और हमारे किसानों को नए उपकरण प्रदान करती है। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर ङ्क मुफ्त बिजली योजना के साथ, 20 लाख से अधिक परिवार सौर ऊर्जा से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने पीएम-कुसुम योजना को लेकर कहा कि इस योजना के तीन घटकों का लक्ष्य 10 गीगावाट के छोटे सोलर प्लांट की स्थापना करना, 1.4 मिलियन ऑफ-ग्रिड सोलर पंपों को सहायता प्रदान करना तथा 3.5 मिलियन ग्रिड से जुड़े कृषि पंपों को सोलर एनर्जी से जोड़ना है। ये सभी प्रयास मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वच्छ ऊर्जा अंतिम छोर तक पहुंचे।

# रोनाल्डो बने दुनिया के पहले अरबपति फुटबॉलर



लिस्बन। फुटबॉल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। ब्लूमबर्ग की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, रोनाल्डो अब दुनिया के पहले ऐसे फुटबॉलर बन गए हैं, जिन्होंने अरबपतियों की सूची में जगह बनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 1.4 अरब डॉलर (करीब 12,352 करोड़ रुपये) आंकी गई है।

2002 से 2023 के बीच रोनाल्डो ने 550 मिलियन डॉलर से भी अधिक की कमाई की। यह रकम उन्हें मैनचेस्टर यूनाइटेड, रियल मैड्रिड और जुवेंटस जैसे दिग्गज क्लबों के साथ खेलने के अलावा, एंडोर्समेंट और निवेश से प्राप्त हुई। 40 वर्षीय रोनाल्डो का करियर फुटबॉल इतिहास के सबसे लाभदायक करियरों में से एक माना जा रहा है।

ह्वद्बद्म से सालाना 18 मिलियन डॉलर की कमाई

रोनाल्डो की आय का सबसे बड़ा जरिया उनके ब्रांड अनुबंध हैं। ह्वद्बद्म के साथ उनकी डील से उन्हें हर साल 18 मिलियन डॉलर (करीब 160 करोड़ रुपये) की आय होती है। इसके अलावा वे ह्लद्गठ्ठद्ब, ष्टह्म्ड्डद्यद्बद्बद्ग, ष्ट्यद्गड्डह्ल जैसे कई ग्लोबल ब्रांड्स के भी एंबेसडर हैं।

सोशल मीडिया के सम्राट

सोशल मीडिया पर भी रोनाल्डो का दबदबा कायम है। ढ्ढठ्ठह्यह्लड्डद्दह्म्ड्डद्व पर उनके 665 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं, जो किसी भी व्यक्ति से सबसे ज्यादा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, वे एक इंस्टाग्राम पोस्ट से ही करोड़ों रुपये की कमाई कर लेते हैं।

अल-नासर के साथ करार बना करियर का टर्निंग पॉइंट

साल 2023 में रोनाल्डो ने जब सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल-नासर (ऋद्य-हड्डह्यह्यह्म्) से करार किया, तो वह उनके करियर का सबसे बड़ा आर्थिक मोड़ साबित हुआ। इस अनुबंध से उन्हें सालाना 200 मिलियन डॉलर (करीब 17,760 करोड़ रुपये) की आय होती है। वहीं, क्लब से जुड़ते समय उन्हें 30 मिलियन डॉलर (करीब 2,664 करोड़ रुपये) का साइनिंग बोनस भी मिला था।

रोनाल्डो- खेल और कमाई दोनों के बादशाह

फुटबॉल मैदान पर अपने जादू और मेहनत से पहचान बनाने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब खेल जगत में कमाई के शिखर पर पहुंच चुके हैं। उनके नाम पर यह उपलब्धि केवल फुटबॉल ही नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ती है।

## छत्तीसगढ़ में ट्रिपल आईटी में एआई के जरिए 36 छात्राओं की अश्लील तस्वीर बनाने वाले छात्र पर अपराध दर्ज

रायपुर। ट्रिपल आईटी में पढ़ने वाले तृतीय वर्ष के छात्र ने संस्थान की छात्राओं की तस्वीरों को एआइ तकनीक के माध्यम से अश्लील रूप में तैयार की थी। राखी थाना पुलिस ने मामले में अब आरोपित छात्र सैय्यद रहीम अदनान अली के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। आरोपित छात्र ने संस्थान की करीब 36 छात्राओं की तस्वीरों में एआई तकनीक का इस्तेमाल कर अश्लील छेड़छाड़ की थी।

### ट्रिपल आईटी प्रबंधन ने की कार्रवाई

मामले के उजागर होते ही ट्रिपल आइटी प्रशासन छात्र को निलंबित कर दिया था। इसके बाद आंतरिक जांच समिति गठित की। समिति ने साक्ष्य एकत्रित कर तकनीकी जांच की। रिपोर्ट में आरोपित छात्र की संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद संस्थान ने आरोपित को नोटिस जारी किया और मामला पुलिस के पास भेज दिया। प्रबंधन की लिखित शिकायत के बाद राखी थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आइटी एक्ट की धारा 66(ई) (निजता का उल्लंघन), 67, 67(ए) (अश्लील सामग्री प्रसारित करना) और अन्य संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। जब कुछ छात्राओं को इसकी भनक लगी तो उन्होंने ट्रिपल आईटी प्रबंधन को शिकायत दी थी। दो दिन तक चले हंगामें के बाद आरोपित छात्र को निलंबित कर दिया और जांच समिति गठित कर दी। जानकारी के अनुसार तीसरे वर्ष के सीएस डिपार्टमेंट के आरोपित छात्र ने यह पूरी हरकत की है। वह अपने साथ पढ़ने वाली अन्य छात्राओं की फोटो खींचता था। इसके बाद उसे एआइ के जरिए अश्लील बनाता था। आरोपित छात्र ने जब एक छात्रा को वाट्सएप पर वन टाइम में फोटो भेजी तब इसकी जानकारी बाहर आई। इसके बाद छात्रा ने अन्य छात्राओं को इसकी जानकारी दी। प्रबंधन को इसके बारे में बताया गया। जानकारी के अनुसार आरोपित की मंशा कुछ अलग थी। इन फोटो के जरिए ब्लैकमेलिंग करने वाला था या फिर डेटो को किसी न किसी को बेच देता। इसके बदले उसे पैसे मिलते।

## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत को झटका, टॉप 100 से सभी शिक्षण संस्थान बाहर, आईआईएससी देश में नंबर 1



नई दिल्ली । टाइम्स हायर एजुकेशन ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 जारी कर दी है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए निराशाजनक तस्वीर सामने आई है। इस साल दुनिया के टॉप 100 विश्वविद्यालयों की प्रतिष्ठित सूची में भारत का एक भी संस्थान जगह नहीं बना पाया है। हालांकि, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु 201-250 रैंक बैंड में आकर एक बार फिर देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान बना है। वैश्विक स्तर पर, ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने लगातार दसवें साल अपना दबदबा कायम रखते हुए पहला स्थान हासिल किया है।

टॉप 100 में एक भी संस्थान का शामिल न हो पाना भारतीय शिक्षा जगत के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है, जो वैश्विक मंच पर हमारे संस्थानों के सामने मौजूद चुनौतियों को उजागर करता है। देश के अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों की स्थिति देखें तो, जामिया मिलिया इस्लामिया को 401-500 रैंक बैंड में जगह मिली है। वहीं, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (क्च॥स्) और आईआईटी इंदौर 501-600 रैंक बैंड में आते हैं, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (ऋरू) 601-800 रैंक बैंड में अपनी जगह बना पाया है। हालांकि, एक सकारात्मक पहलू यह है कि इस रैंकिंग में शामिल कुल विश्वविद्यालयों की संख्या के मामले में भारत, अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है, जो भारतीय संस्थानों की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को दर्शाता है।

वैश्विक पटल पर रैंकिंग में अमेरिकी विश्वविद्यालयों का दबदबा साफ तौर पर कायम है, जहां टॉप 10 में से 7 संस्थान अकेले अमेरिका के हैं। हालांकि, इस सूची में शीर्ष पर ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। दूसरे स्थान पर अमेरिका की प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का कब्जा है, जबकि तीसरे स्थान के लिए अमेरिका की प्रिंसटन यूनिवर्सिटी और ब्रिटेन की कैम्ब्र- िज यूनिवर्सिटी के बीच टाई हुआ है। यह परिणाम दिखाता है कि वैश्विक उच्च शिक्षा के शिखर पर अमेरिका और ब्रिटेन के संस्थानों का बोलबाला बना हुआ है।

एशिया में चीन की सिंघुआ यूनिवर्सिटी 12वें और पेकिंग यूनिवर्सिटी 13वें स्थान पर रहीं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**हरियाणा आईपीएस मौत मामला: डीजीपी समेत....**

यह भी पता चला है कि सुसाइड नोट में कोई तात्कालिक घटना या निजी झगड़े का जिक्र नहीं है यानी अधिकारी ने अपने अंतिम कदम के पीछे किसी अचानक हुए तनाव या हालिया विवाद को नहीं बताया। घटनास्थल से अधिकारी का सुसाइड नोट जेब में मिला था जबकि घर में उनका लैपटॉप नहीं मिला। एक लैपटॉप उनकी बेटी का बताया गया। पुलिस ने मौके पर सीएफएसएल और फॉरेंसिक टीम के साथ पूरी वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की है। पुलिस अब सुसाइड नोट की लिखावट, तारीख और नोट में शामिल मामलों की विस्तृत जांच कर रही है। हरियाणा के दिवंगत वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार ने अपने करियर के दौरान सरकार, विभाग और सिस्टम पर कई बार सवाल उठाए। उन्होंने खुले तौर पर नियमों, पदोन्नति, पोस्टिंग और भेदभाव को लेकर सरकार, प्रमुख सचिव, चुनाव आयोग और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर शिकायतें दर्ज कराईं। उनकी आत्महत्या के कारणों की जांच में इन मामलों पर सवाल उठ सकते हैं। अभी यह खुलासा होना बाकी है कि सुसाइड नोट में क्या इन मामलों से संबंधित लोगों के नाम भी हैं?

**असम में भाजपा को लगा झटका.....**

बता दें कि, राजेन गोहेन ने 1999 से 2019 तक नागांव संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और 2016 से 2019 तक रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री भी रहे। भाजपा में रहते हुए वो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वे पेशे से चाय बागान के मालिक भी है। इसके अलावा कई अन्य क्षेत्रों में उनका काफी प्रभाव है। उनके जाने से भाजपा को राज्य में नुकसान हो सकता है। असम में फिलहाल मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा नीत सरकार सत्ता में काबिज है। जबकि पूर्वोत्तर राज्य असम में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है।

**तेजस्वी यादव का बड़ा बयान, सरकार....**

किया। आगे कहा कि तेजस्वी की उम्र कच्ची है, लेकिन जुबान पक्की है। बिहार की जनता जानती है कि जो तेजस्वी कह रहा है, वो पूरा करेगा। इससे पूर्व तेजस्वी यादव ने जनता के लिए कई वादे किए। उन्होंने कहा कि एनडीए की शासन ने 20 साल में हर घर में असुरक्षा और बेरोजगारी का खौफ दिया। हमारी सरकार बनने के बाद हम हर घर को सरकारी नौकरी देंगे। 20 महीने के भीतर बिहार का ऐसा कोई घर नहीं बचेगा, जिसके पास सरकारी नौकरी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारी जीत का जश्न हर घर में होगा। हम बिहार में उद्योग लगाकर, एजुकेशन सिटी स्थापित करके, आईटी पार्क, कृषि और डेयरी आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर बिहार को विकास के पथ पर आगे बढ़ाएंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने तेजस्वी यादव के हर घर को सरकारी नौकरी के वादे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने पहले भी सरकारी नौकरियां दीं, जो उनका रिकॉर्ड भी रहा है। उसे कोई भी नकार नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि ये वादे नहीं बल्कि संकल्प हैं, जिसे महागठबंधन की सरकार आने के बाद पूरा किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि वे गड़बड़ी करके जीत सकते हैं, तो उनके हाथ निराशा ही लगने वाली है क्योंकि हमारे यहां कोई गड़बड़ी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बिहार बदलाव के लिए तैयार है।

**बिहार चुनाव: सीएम चेहरे के साथ चुनाव.....**

पार्टी आरजेडी लगभग 135-140 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. पार्टी ने कांग्रेस को 50-52 सीटें देने की पेशकश की हैं, जो कांग्रेस की मांग यानी 70 सीटों से कम हैं. साल 2020 के विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस ने 70 सीट पर चुनाव लड़ा था लेकिन सिर्फ 19 सीटों पर जीत मिली थी. इंडिया गठबंधन का एक अन्य बड़ा घटक दल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन भी है. कहा जा रहा है इस पार्टी को 20-25 सीटें दी जा रही हैं लेकिन इससे संतुष्ट नहीं है. पांच साल पहले भाकपा (माले) ने 19 में से 12 सीट जीती थी और इस बार बताया जा रहा है कि वह 40 सीट मांग रही है. इस गठबंधन में शामिल मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) कम से कम 40 सीटों पर चुनाव लड़ने पर अडिग है. साथ ही जीत मिलने पर मुकेश सहनी डिप्टी सीएम पद की भी मांग कर रहे हैं.

**इजरायल-हमास के बीच समझौते पर....**

दोनों पक्षों के बीच शांति समझौते को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इससे युद्ध का अध्याय बंद होगा और न्याय व स्थिरता वाले भविष्य के प्रति उम्मीदें जगेंगी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि यूएन इस समझौते के पूरे अनुपालन का समर्थन करेगा और गाजा में मानवीय सहायता का दायरा और बढ़ाया जाएगा। साथ ही गाजा में पुनर्निर्माण के कार्यों में तेजी लाई जाएगी। गुटेरेस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे इस खास मौके का फायदा उठाकर कब्जे को खत्म करने, फलस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता देने तथा द्विराष्ट्र समाधान हासिल करने की दिशा में काम करें ताकि इजरायल और फलिस्तीन शांति और सुरक्षा के साथ रह सकें। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जिआकुन ने इस शांति समझौते पर संतोष जताया और कहा कि इसे स्थायी बनाने के लिए चीन विश्व समुदाय के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होने जोर दिया कि चीन द्विराष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रों ने कहा कि ये समझौता बंधकों और स्वजनों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी राहत भरी खबर लेकर आया है। उन्होंने इस समझौते में शामिल ट्रंप के साथ-साथ कतर, मिस्त्र और तुर्किये के मधयस्थों का आभार भी जताया। साथ ही इजरायल और हमास से समझौते पर मजबूती से टिके रहने की अपील भी की। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने समझौते का स्वागत किया और कहा कि हम स्थितियों पर सकारात्मक नजर बनाए हुए हैं। इस समझौते को स्थायी समाधान की तरफ ले जाने की जरूरत है। इजरायल और हमास के बीच समझौते पर सऊदी अरब ने कहा कि फलस्तीन के लोगों तक जल्द से जल्द मानवीय सहायता पहुंचाने की जरूरत है। साथ ही स्वतंत्र फलस्तीन के गठन के साथ द्विराष्ट्र सिद्धांत पर अमल करना चाहिए और 1967 में तय हुई दोनों देशों के बीच सीमाओं को स्थापित किया जाना चाहिए। इजरायल के पड़ोसी देश जार्डन ने गाजा में जल्दी से जल्दी मानवीय सहायता पहुंचाने पर जोर दिया।

**बिना फार्मासिस्ट के संचालित मिला....**

बेचें, अन्यथा उनका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति को गंभीर उल्लंघन माना जाएगा और दोषी पाए जाने पर फार्मासिस्ट का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है। यह सख्त कदम न केवल दवा बिक्री व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए है, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए भी अहम माना जा रहा है। काउंसिल ने कहा कि दवा बेचना सेवा है, व्यवसाय नहीं।

**जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक....**

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्री तंबोली ने इस घटना को योजनाबद्ध और सोची-समझी साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि हमलावरों का एक साथ शासकीय कार्यालय में घुसना, वरिष्ठ अधिकारी के साथ अभद्रता करना, सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना और खुलेआम धमकियां देना इस बात का प्रमाण है कि कुछ असामाजिक तत्व पत्रकारिता की आड़ में गुंडागर्दी कर रहे हैं। श्री तंबोली ने कहा कि जनसंपर्क विभाग शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य करता है। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ न सिर्फ शासन और समाज के लिए कार्य करते हैं बल्कि पत्रकारों के हित में सदैव तत्पर रहते हैं, ऐसी स्थिति में पत्रकारिता के नाम पर कानून को हाथ में लेने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की घटनाएँ केवल किसी अधिकारी की व्यक्तिगत गरिमा पर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र पर हमला हैं। संघ ने मांग की है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। घटना में शामिल व्यक्तियों पर भारतीय न्याय संहिता की कठोर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर कडी कार्रवाई की जाए। छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क अधिकारी संघ के अध्यक्ष श्री तंबोली ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनसंपर्क विभाग के भी भारसाधक मंत्री हैं, उनके नेतृत्व में जनसंपर्क विभाग के प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी पूरी निष्ठा से कार्य करते हैं, ऐसे में मुख्यमत्री से आग्रह है कि वह इस विषय में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा करें, साथ ही विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा एवं अपना संरक्षण प्रदान करें। संघ ने यह भी निर्णय लिया है कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रतिनिधिमंडल भेंट करेगा। संघ के अध्यक्ष श्री तंबोली ने कहा कि यदि दोषियों पर शीघ्र और ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो जनसंपर्क विभाग का प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी राज्यव्यापी विरोध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

**जनसुराज ने जारी कर दी.....**

चुनावी मिशन का शंखनाद करेंगे। हालांकि, पहली सूची जारी करते समय प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशांत किशोर नहीं आए, जिससे आने वाले दिनों की रणनीति और सस्पेंस और बढ़ गया है। आरसीपी सिंह ने एक-एक कर सभी 51 उम्मीदवारों के नाम बताए हैं। पहले वाल्मीकी नगर से घृत नारायण प्रसाद को टिकट दिया गया है, जो पहली बार थारू जनजाति के उम्मीदवार हैं। हरसिद्धि से अवधेश कुमार, सीतामढ़ी से सुरसंड सीट पर उषा किरण, रुन्नीसैदपुर से विजय शाह, बेनीपट्टी से मोहम्मद परवेज आलम, निर्मली से राम प्रवेश कुमार यादव, सिकटी से रागिब बबलू, कोचाधामन से अबू अफाक फारूख, बायसी से शाहनवाज आलम, आलमनगर से सुभोद कुमार सुमन को टिकट मिला है। सहरसा से किशोर कुमार मुन्ना, महिशी से शमीम अख्तर, दरभंगा ग्रामीण से शोएब खान, दरभंगा से आर के मिश्रा, मीनापुर से तेज नारायण सहनी, मुजफ्फरपुर से डॉ. अमल कुमार दास, गोपालगंज से डॉ. शशीशेखर सिन्हा, भोरे से प्रीति किन्नर, रघुनाथपुर से राहुल कीर्ति सिंह, दरौंदा से सत्येंद्र कुमार यादव, मांझी से यादव वंश गिरी, बनियापुर से श्रवण कुमार महतो, छपरा से जय प्रकाश सिंह, परसा से मुसाफिर महतो और मटिहानी से अरुण कुमार को टिकट दिया गया है। बेगूसराय से सुरेंद्र कुमार सहनी, खगड़िया से जयंती पटेल, बेलदौर से गजेंद्र निषाद, परबत्ता से विनय कुमार वरुण, अस्तावां से लता सिंह, बिहारशरीफ से दिनेश कुमार, नालंदा से कुमार सिन्हा, कुम्हरार से प्रोफेसर केसी सिन्हा, आरा से डॉ. विजय कुमार गुप्ता, चेनारी से नेहा कुमार नटराज (नट समाज से), करगहर से रितेश रंजन पांडेय, गोह से सीताराम दुखारी, नबीनगर से अजय चंद्र यादव, इमामगंज से डॉ. अजीत कुमार और बोधगया से लक्ष्मण मांझी को भी टिकट मिला है।

# फर्जी पत्रकारों की धमकियों से त्रस्त सरपंच-सचिव, दीपावली से पहले अवैध वसूली का धंधा तेज

**खैरागढ़ (दावा)।** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही जहां गांव-गांव में रौनक बढ़ रही है। वहीं केसीजी जिले के सरपंच और पंचायत सचिवों के चेहरों पर चिंता की लकीरें गहराती जा रही हैं। वजह है कुछ तथाकथित पत्रकार जो छोटे-छोटे वेब पोर्टलों और फर्जी प्रेस कार्डों के सहारे पंचायत प्रतिनिधियों से धन उगाही में जुट गए हैं। ये लोग 'दिवाली विज्ञापन' और 'त्योहार खर्च' के नाम पर हजारों रुपये की मांग कर रहे हैं और न देने पर पंचायत के खिलाफ खबर छापने की धमकी देते हैं।

**0 केसीजी जिले में बढ़ रही फर्जी पोर्टलों की ब्लैकमेलिंग गतिविधियाँ 0 सरपंच संघ और जिला पत्रकार संघ ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की**

### वेबपोर्टलों से शुरू हुई वसूली की चैन

जिले के कई सरपंचों ने बताया कि रायपुर से संचालित कुछ वेबसाइटें पंचायतों के नाम से फर्जी विज्ञापन प्रकाशित कर रही हैं। इन विज्ञापनों के बदले में यूपीआई बारकोड भेजकर रकम की मांग की जाती है।

### पोर्टल संचालक भ्रष्टाचार उजागर करने देते धमकी

सरपंचों का कहना है कि ये लोग खुद को खैरागढ़ का पत्रकार बताते हैं, जबकि उनका कोई स्थानीय दफ्तर नहीं है और न ही किसी मान्यता प्राप्त संगठन से जुड़ाव। कई तो झूठा पता बताकर गांव-गांव घूम रहे हैं और मिठाई खर्च या दिवाली गिफ्ट के नाम पर रकम ऐंठ रहे हैं।

### पत्रकारिता की छवि को धुमिल करने की

सरपंचों का कहना है कि ऐसे लोगों के कारण खैरागढ़ के असली पत्रकारों की साख को ठेस पहुंच रही है। वर्षों से जनहित में कार्य कर रहे पत्रकारों की मेहनत पर फर्जी पत्रकारों की ब्लैकमेलिंग की परछाई पड़ रही है। ग्राम पंचायत मंडला, सलोनी और कटंगी क्षेत्र के सरपंचों ने बताया कि कुछ युवक अपने मोबाइल में न्यूज पोर्टल खोलकर कहते हैं। देखिए आपकी खबर लगी है और फिर रुपये की मांग करते हैं, जबकि पोर्टल पर पंचायत से जुड़ी कोई वास्तविक खबर होती ही नहीं।

### ऑनलाइन वसूली का नया तरीका

कई पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ फर्जी पत्रकार यूपीआई बारकोड भेजकर ऑनलाईन वसूली कर रहे हैं न गांव आए, न मुलाकात की। फिर भी कहते हैं कि आपकी खबर छापी है। अब विज्ञापन दो, ऐसी शिकायतें खैरागढ़, छुईखदान और गंडई क्षेत्रों से लगातार मिल रही हैं। जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि यदि यह प्रवृत्ति नहीं रुकी तो पंचायत प्रतिनिधि और अधिकारी पत्रकारों से दूरी बनाने लगेंगे। जिससे ग्रामीण मुद्दे मीडिया से गायब हो जाएंगे।

### मिठाई के नाम पर भी वसूली जारी

कई सरपंचों ने बताया कि कुछ लोग दीपावली की शुभकामना देते हुए कहते हैं, 'साहब, इस बार मिठाई खर्च दे दीजिए' यह सिलसिला हर साल बढ़ता जा रहा है और अब यह एक तरह की 'त्योहारी वसूली' का रूप ले चुका है।

### जिला पत्रकार संघ ने किया सतर्क रहने का आग्रह

केसीजी जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौर ने कहा कि ऐसे लोग जो गांव-गांव घूमकर अवैध वसूली कर रहे हैं, वे पत्रकार नहीं बल्कि ब्लैकमेलर हैं। जनसंपर्क विभाग में ना ही पोर्टल का रजिस्ट्रेशन है। उन्होंने कहा कि असली पत्रकारिता का इन लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। जो व्यक्ति या संस्था ऐसे लोगों के संपर्क में आए। वे सीधे पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने यह भी बताया कि पत्रकार संघ ऐसे तत्वों की जानकारी एकत्र कर रहा है, ताकि भविष्य में पहचान के आधार पर लोगों को सतर्क किया जा सके।

# वर्षावास के समापन पर परित्राण पाठ का आयोजन कर प्रस्तावित बुद्ध विहार का नाम आर्य सत्य रखा गया



डोंगरगढ़(दावा)। भीमनगर वार्ड नंबर 9 में नवीन जागृति नवयुवक समिति के एवं महिला मंडल द्वारा दिन सोमवार को शरद पूर्णिमा एवं वर्षावास समापन एवं धर्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर परित्रण पाठ का आयोजन रखा गया एवं इस दौरान भारी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित रही। भंते प्रज्ञा कीर्ति, भंते सारिपुत्र जीभंते द्वारा बुद्ध वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान प्रस्तावित बुद्ध विहार का नाम आर्य सत्य बुद्ध विहार के नाम से रखने की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर वार्ड पार्षद जय किशोर अम्बादे नवीन जागृति नवयुवक समिति के अध्यक्ष मिलन टेम्भुरकर कोषाध्यक्ष महादेव इंदुरकर रितेश कामडे कुणाल जाम्भुरकर राकेश भवते संतोष सहारे आकाश मेश्राम माया भास्कर सुषमा कामडे, अंजलि कामडे, काजल जम्भूलकर, नीलिमा अम्बादे, कविता भावते, कुंदा इंदुरकर, सरिता कामडे, शांता मेश्राम, रागिनी मेश्राम, उजाला, मुन्नी, सहित बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहे।

### बुद्ध के आर्य सत्य के महत्व के बारे में बताया गया

भगवान बुद्ध के प्रमुख संदेशों में आर्य सत्य नोबल ट्रूथ्स सबसे मूलभूत हैं। ये चार सत्य जीवन की सच्चाई को समझाने और दुख से मुक्ति का मार्ग दिखाने के लिए दिए गए हैं। इन्हें बुद्ध ने अपने प्रथम उपदेश धर्मचक्र प्रवर्तन सूत्र में सारनाथ में बताया था। ये हैं दुःख,जीवन में दुःख व्याप्त है। जन्म, बुढ़ापा, बीमारी, मृत्यु, प्रियजन से अलगाव, इच्छा न पूरी होना आदि सब दुःख के रूप हैं। यह सत्य दुःख की वास्तविकता को स्वीकार करने का आह्वान करता है।दुःख समुदय दुःख का कारण तृष्णा है, इच्छाएँ, लालसा, आसक्ति। ये मनुष्य को सुख की खोज में बाँधे रखती हैं, लेकिन वास्तव में दुःख ही बढ़ाती हैं। दुःख निरोध दुःख का अंत संभव है। तृष्णा का त्याग करके निर्वाण मुक्ति प्राप्त की जा सकती है, जहाँ दुःख पूरी तरह समाप्त हो जाता है।

# अब घर ही बना बिजलीघर : सूर्यघर योजना से खैरागढ़ के मनीष अग्रवाल बने ऊर्जा उत्पादक

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री 'सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' से खैरागढ़ के नागरिक अब ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। शहर के इतवारी बाजार निवासी मनीष अग्रवाल का घर इस योजना की सफलता का एक जीवंत उदाहरण बन गया है। जहाँ पहले वे हर महीने भारी-भरकम बिजली बिल चुकाते थे। वहीं अब वे अपने घर की छत से ही बिजली का उत्पादन कर रहे हैं।



5 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाकर बिजली बिल किया जीरो, तीन-चार साल में वसूल होगी लागत

### 1 लाख 8 हजार की सब्सिडी से कम हुई लागत

मनीष अग्रवाल ने योजना की जानकारी मिलते ही आवेदन किया और अपने मकान की छत पर 5 किलोवाट पावर क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। इस सिस्टम की कुल लागत 3 लाख रुपए रही, लेकिन उन्हें सरकार से बड़ी वित्तीय सहायता मिली। उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 रुपए और राज्य शासन से 30,000 रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी प्राप्त हुई। इस प्रकार उन्हें कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सरकारी सहायता मिली। जिससे सोलर सिस्टम की वास्तविक लागत काफी कम हो गई।

### 450 यूनिट खपत पर 590 यूनिट उत्पादन

सोलर सिस्टम स्थापित होने के पहले महीने में ही सकारात्मक परिणाम सामने आए। अग्रवाल के घर की औसत मासिक खपत लगभग 450 यूनिट है, जबकि नए सोलर पैनल ने इससे कहीं अधिक 590 यूनिट बिजली का उत्पादन किया। यानी, उनकी खपत से 140 यूनिट अधिक उत्पादन हुआ। मनीष अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले हम सिर्फ बिजली खर्च करते थे। अब हम खुद बिजली बना रहे हैं। हमारे घर का बिजली बिल अब शून्य हो चुका है।

### 20 साल तक मिलेगी मुफ्त बिजली

अग्रवाल के अनुसार सोलर पैनल की आयु 20 से 25 वर्ष तक होती है। इस सिस्टम में लगाई गई लागत की वसूली केवल 3 से 4 वर्षों में ही संभव है। जिसके बाद उन्हें वर्षों तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलता रहेगा। मनीष अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना हर घर के लिए वरदान है, हर नागरिक को इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि सौर ऊर्जा का यह बढ़ता उपयोग पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, क्योंकि इससे कोयला और पेट्रोलियम जैसे प्रदूषणकारी संसाधनों पर निर्भरता घटेगी।

# मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को हाथी ने कुचला

कोरबा। जिले के करतला परिक्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी है। बुधवार रात एक हाथी ने मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। वहीं एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में ग्रामीण हाथियों के झुंड पर पत्थर फेंकते हुए दिख रहे हैं। इससे गुस्साए हाथियों ने पलटकर ग्रामीणों को दौड़ा लिया।

जानकारी के अनुसार करतला परिक्षेत्र के रामपुर और करतला के बीच जंगलों में लगभग 50 हाथियों का दल घूम रहा है। आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। फसलों को बचाने किसान रातभर जाग रहे हैं। वन विभाग ने हाथियों की निगरानी के लिए गश्त बढ़ा दी है। करतला क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है। हाथियों का झुंड जंगल से लगे गांव के पास से गुजर रहा था। इसी बीच कुछ ग्रामीण हाथियों के झुंड पर पथराव करने लगे। इससे कुछ हाथी भड़क गए और वे पलटकर ग्रामीणों को दौड़ाने लगे।

# क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एकता जोश और समर्पण का प्रतीक है - संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत चिखलाकासा में पांच दिवसीय आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर के बतौर मुख्य अतिथि संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व श्रीमती हरिला चंद्रवंशी सभापति, कांता प्रसाद साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा छुरिया मौजूद रहे। श्री सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट का खेल हमें जीत और हार दोनों में संयम रखना सिखाता है।



विकासखंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन मे पहुंचे जनपद अध्यक्ष

हर भारतीय के हृदय में क्रिकेट के लिए एक विशेष स्थान है। विश्व में अत्यधिक लोकप्रिय है। इसे 'जेंटलमैन गेम' भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें अनुशासन, संयम और खेल भावना का विशेष महत्व है। भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं से जुड़ा एक उत्सव है। क्रिकेट की शुरुआत 16वीं शताब्दी में इंग्लैंड में हुई थी। धीरे-धीरे यह खेल विश्व के अनेक देशों में लोकप्रिय हो गया। भारत में ब्रिटिश शासन के समय यह खेल आया और अब यह यहाँ का सबसे पसंदीदा खेल बन चुका है।

क्रिकेट दो टीमों के बीच खेला जाता है, प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं। इसमें एक गेंदबाज, एक बल्लेबाज और क्षेत्ररक्षक भारत में क्रिकेट एक धर्म की तरह माना जाता है। छोटे बच्चे गलियों में बल्ला और गेंद लेकर खेलते हैं, और हर घर में किसी न किसी का पसंदीदा खिलाड़ी होता है।

भारत ने कई महान क्रिकेटर दिए हैं सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने देश को विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया है। 1983 और 2011 में भारत ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा है।

# छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा और ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (छ.मु.मो.) और ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस के संयुक्त तत्वावधान में आज महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया। यह ज्ञापन हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता उछालने की शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा करने के उद्देश्य से दिया गया। ज्ञापन में इस घटना को डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान पर सीधा हमला करार दिया गया है। संगठनों ने एक स्वर में कहा कि इस तरह की घटना देश की लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के लिए अत्यंत चिंतनीय है और इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है।



सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की घटना को बताया संविधान पर हमला, न्यायिक जांच की मांग

नेताओं ने आरोप लगाया कि यह घटना देश में जाति के नाम पर फैलाई जा रही नफरत का ही नतीजा है। जिसे सनातन के नाम पर अंजाम दिया गया। ज्ञापन में यह गंभीर आरोप भी लगाया गया कि इस घटना के पीछे सत्ता में उच्च पदों पर बैठे लोग हैं, जिनके इशारे पर यह हुआ है। छ.मु.मो. और लायर्स एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। साथ ही, घटना में शामिल और इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाए।

ज्ञापन सौंपते समय छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागडे, ऑल इंडिया लायर्स एसोसिएशन फॉर जस्टिस की ओर से अधिवक्ता वीरेंद्र उके, छ.मु.मो. के संगठन मंत्री तुलसी देवदास और महामंत्री पुनाराम साहू सहित बड़ी संख्या में श्रमिक और जागरूक नागरिक उपस्थित थे। यह जानकारी मोर्चा के महामंत्री पुनाराम साहू द्वारा दी गई।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ली है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना डवरा पुलिस चौकी का है। दरअसल, यहां एक युवक लगातार शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म कर रहा था। जिसके बाद युवती गर्भवती हो गई, तो युवक ने शादी से इनकार कर दिया। ?जिससे नाराज युवती ने इसकी शिकायत पुलिस को दे दी।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच में जुटी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की आगे कार्रवाई की जा रही है।

# हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार का सामाजिक अंकेक्षण कार्य संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य की शिक्षा गुणवत्ता को परखने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत समुदाय की भागीदारी शिक्षा की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों की उपयोगिता, बच्चों में अध्यापन कौशल को परखने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न हुआ। जिसमें सभी स्टॉफ सदस्य एवं छात्र-छात्राओं एवं समुदाय के बीच अच्छा सामंजस्य और सुधार करने के उपाय के बारे में बताया गया। इस सामाजिक अंकेक्षण कार्य में टीम लीडर के रूप में हेमंत कुमार साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टप्पा उपस्थित थे।



संस्था प्राचार्य असीम कुमार यदु, एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, सेवानिवृत प्रधान पाठिका राधाबाई धमगेश्वर, ज्योति सहारे पंच, चंद्रकुमार साहू पूर्व सरपंच एवं गणमान्य नागरिक, विद्यालय के समस्त स्टॉफ सहयोगी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता आदि सभी की उपस्थिति रही।

इस सामाजिक अंकेक्षण में टीम के द्वारा विद्यालय के सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम, कला उत्सव, आपदा प्रबंधन, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, पुस्तकालय की उपयोगिता, प्रोजेक्टर का उपयोग अध्यापन कार्य में, कैरियर काउंसलिंग की चर्चा, परीक्षा की तैयारी, उपचारात्मक शिक्षण, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, प्रयोगशालाओं के उपयोग से संबंधित चर्चा, वृक्षारोपण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण पर यूथ एवं इको क्लब की सहभागिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, क्रीडा प्रतियोगिता, योग का कार्यशाला आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्राचार्य के साथ थंगेश्वर कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा। साथ ही विद्यालय से श्रीमती अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, पालकराम वर्मा, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, हरिश्चंद्र यादव, आशीष मसीह रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू और सभी स्टॉफ सदस्यों की उपस्थिति और सहभागिता रही। सभी का मानना है कि इस कार्य से शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट, नवाचार, समावेशिका, समग्र विकास, जीवन कौशल तथा सहभागी पद्धतियों का विकास होगा। साथ ही कमजोर विद्यालयों को चिन्हित कर सुधारात्मक प्रयास किए जाएंगे एवं उत्कृष्ट विद्यालयों का भ्रमण कर श्रेष्ठ शैक्षणिक गतिविधियों का अनुसरण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त प्राचार्य असीम कुमार यदु द्वारा किया गया।

# नेहरू महाविद्यालय में 10 दिवसीय शोध पत्र लेखन एवं वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) एव. रेवती के मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु 10 दिवसीय शोध पत्र लेखन एवं वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध लेखन एवं प्रस्तुतीकरण की प्रविधियों से सुसज्जित करना है।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के पुराने भवन में डॉ. आर.आर. कोचे (प्रकोष्ठ प्रभारी, शैक्षिक उन्नयन, अनुसंधान, शिक्षण एवं शोध विकास समिति) एवं समिति सदस्य डॉ. नौशीन अंजुम के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. एव. रेवती द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में प्राचार्य महोदया ने कहा कि ÷छात्र जीवन स्वयं में नवीन ज्ञान की खोज है। जब विद्यार्थी शोध की दिशा में कार्य करते हैं, तो उन्हें न केवल बौद्धिक विकास प्राप्त होता है बल्कि भविष्य में उत्कृष्ट अवसर भी प्राप्त होते हैं। यह प्रशिक्षण आपके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ. आर.आर. कोचे ने शोध की महत्ता और इसकी आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रशिक्षण के आगामी नौ दिनों में निम्न विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें शोध पत्र की संरचना एवं प्रारूपण, साहित्य समीक्षा, मात्रात्मक एवं गुणात्मक अनुसंधान तकनीकें, वर्ड तथा पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कौशल, संदर्भ ग्रंथ सूची का निर्माण आदि। प्रत्येक दिन का प्रशिक्षण विद्यार्थियों की सहभागिता और व्यावहारिक गतिविधियों पर केंद्रित रहेगा, जिससे वे न केवल सिद्धांत को समझ सकें, बल्कि उसे अपने लेखन एवं प्रस्तुति में लागू भी कर सकें।विविध विभागों के विद्यार्थियों की सहभागिता रहेंगी। इस प्रशिक्षण में स्नातकोत्तर भूगोल, हिंदी, राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पंजीयन कराया है।

# आदिम जाति विभाग निर्माण कार्यों में लाए तेजी - कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अधिकारी संजय कुर्रे, शिक्षा विभाग के अधिकारी योगदास साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



छात्रावास निर्माण, वनाधिकार पट्टा, आदि कर्मयोगी अभियान और शिक्षा योजनाओं पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रावास निर्माण कार्य, वन अधिकार पट्टा, भूमि आवंटन एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में छात्रावासों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन, अप्रारंभ एवं पूर्ण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने टेंडर प्रक्रिया में विलंब को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने विभाग को अतिशीघ्र कार्य आदेश जारी करने के निर्देश। उन्होंने जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा करते हुए सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं के आयोजन के निर्देश दिए। वन अधिकार डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने जियो-टैगिंग के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने पीएम श्री शालाओं, समग्र शिक्षा, अपार आईडी तथा जाति प्रमाण पत्र निर्माण कार्य में प्रगति लाने विशेष निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र एवं अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाए।

# व्यवसायिक परिसर की नीलामी से निगम को 3 करोड़ से अधिक की आय





**राजनांदगांव (दावा)।** निगम स्वामित्व की सर्वेश्वर दास स्कूल के पास कुल 12 दुकानो का निर्माण किया गया है। उक्त दुकानों की महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, राजा माखिजा, श्रीमती केवरा विजय राय की उपस्थिति में टाउन हाल में आज में खुली नीलामी की गयी। 12 दुकानों में से 9 दुकानों की नीलामी से 3 करोड़ 12 लाख 91 हजार रूपये की निगम को आय हुई।

नीलामी के संबंध में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की सर्वेश्वर दास स्कूल के पास कुल 12 दुकानों का निर्माण किया गया है। जिसकी नीलामी हेतु प्रक्रिया की गई। प्रक्रिया के तहत 15 सितंबर से 7 अक्टूबर तक 500 रूपए आवेदन शुक्ल जमा कर आवेदन फार्म दिया गया। आवेदन पत्र के साथ निर्धारित अमानती राशि प्रति दुकान बैक ड्राप्ट लेकर आवेदन जमा किया गया। नीलामी में 9 दुकानों के लिए खुली बोली प्राप्त हुई। जिसमें दुकान क्रमांक 2 के लिए उच्चतम बोली चिराग ठक्कर आ. कमलेश ठक्कर की 35 लाख 15 हजार रूपये प्राप्त हुई। इसी प्रकार दुकान क्रमांक 3 के लिए लोकेश तिवारी आ. गोविंद प्रसाद तिवारी की 35 लाख 21 हजार रूपए, दुकान क्रमांक 4 के लिए राजकुमार जायसवाल आ. दशरथ जायसवाल की 34 लाख 50 हजार रूपए, दुकान क्रमांक 5 के लिए ओमप्रकाश साहू आ. जगतपाल साहू की 34 लाख 50 हजार रूपए, दुकान क्रमांक 6 के लिए हेमंत साहू आ. जगतपाल साहू की 34 लाख 60 हजार रूपए, दुकान क्रमांक 7 के लिए कौशल कुमार शर्मा आ. किशोर शर्मा की 34 लाख 45 हजार रूपए, दुकान क्रमांक 10 के लिए श्रीमती संध्या जैन ध.प. राजेश कुमार जैन की 35 लाख 20 हजार रूपए, दुकान क्रमांक 11 के लिए कु. सृष्टि सिन्हा पिता शरद सिन्हा की 34 लाख 50 हजार रूपए एवं दुकान क्रमांक 12 के लिए अनिरूद्ध जैन आ. राजेश कुमार जैन की 34 लाख 80 हजार रूपये उच्चतम बोली प्राप्त हुई। इस प्रकार 9 दुकानों की नीलामी से 3 करोड़ 12 लाख 91 हजार रूपए की आय निगम को हुई।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शेष 3 दुकानों की नीलामी भी अतिशीघ्र की जाएगी। आयुक्त ने कहा कि आबंटिति दुकानदारों को नियमानुसार प्रीमियम की राशि देय होगी। निगम सीमाक्षेत्र में निगम स्वामित्व की निर्मित व्यवसायिक परिसर के शेष दुकानो की भी नीलामी की जावेगी। नीलामी अवसर पर राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, राजस्व उप निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे सहित राजस्व अमला व बोलीकर्ता उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन मकान में कार्यरत 3 मजदूरों को लगा करंट, मजदूर कर रहे थे वेल्डिंग का काम

**एक की रायपुर में मौत, पुलिस को नहीं दी गई जानकारी, मामला दबाने का प्रयास**

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे रेवाड़ीह में एक निर्माणाधीन मकान में 3 दिन पूर्व वेल्डिंग का काम कर रहे 3 मजदूर को करंट लग गया। जिसमें से एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है। इस पूरे मामले को मकान मालिक और राजनीति से जुड़े कुछ नेताओं द्वारा दबाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेवाडीह में निर्माणाधीन मकान किसी पूर्व खेल अधिकारी का बताया जा रहा है। उक्त मकान में वेल्डिंग का कार्य करने मजदूर बजरंगपुर-नवागांव से आए हुए थे। वेल्डिंग कार्य के दौरान ही करंट लगने से तीन लोग घायल हो गए। जिसमें से एक को तत्काल रायपुर रिफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई, लेकिन निर्माणधीन मकान मालिक द्वारा इसकी सूचना ना तो स्थानीय थाने में दी गई और ना ही रायपुर की अस्पताल को दी गई है। सूत्र यह बता रहे हैं कि उक्त युवक एक समुदाय विशेष का है। मामला दबाते हुए रातों-रात उक्त युवक का दाह संस्कार किया गया है। उक्त मामले को दबाने के लिए कुछ राजनीति से जुड़े नेताओं का नाम भी सामने आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शी बता रहे हैं कि उक्त घटना की वहां मौजूद कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया है। अब देखना यह है कि उक्त मामले को क्या पुलिस द्वारा स्वतः संज्ञान में लिया जाएगा या पहले की तरह यह मामला भी दब जाएगा।

# कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे आईबी ग्रुप के अत्याधुनिक फिश फीड प्लांट का उद्घाटन

**उत्तरप्रदेश के मत्स्य पालन क्षेत्र को मिलेगी नई दिशा, देशभर के हजारों किसान बनेंगे ऐतिहासिक पल के साक्षी**

जगदीशपुर (अमेठी)। देश के मत्स्य पालन और प्रोटीन उत्पादन क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए भारत के अग्रणी प्रोटीन उत्पादक एबीएस फूड्स एंड प्रोटींस प्राइवेट लिमिटेड (आईबी ग्रुप) के जगदीशपुर, अमेठी स्थित अत्याधुनिक एबीस फिश फीड प्लांट का उद्घाटन आगामी 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा संपन्न होगा।

## धन धान्य कृषि योजना के तहत स्थापित, क्षमता 600 टन प्रतिदिन

यह विशाल प्लांट प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया है। यह उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत में मछली आहार की तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उद्घाटन समारोह में देशभर से 6000 से अधिक मत्स्य पालक और व्यापारी शामिल होंगे। आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली ने इस अवसर पर कहा कि आईबी ग्रुप पिछले 40 वर्षों से देश में उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन को सुलभ और सस्ता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। लगभग 25 साल पहले हमने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में देश का पहला फ्लोटिंग फिश फीड प्लांट लगाकर शुरुआत की थी। उन्होंने आगे कहा, कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्रगतिशील नीतियों ने मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया है। जिससे यहां फीड की मांग तेजी से बढ़ी है। इसी मांग को पूरा करने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए हमने यह प्लांट स्थापित किया है।

## विश्वस्तरीय तकनीक और रोज़गार सृजन

600 टन प्रति दिन की उत्पादन क्षमता वाला यह प्लांट अमेरिका और यूरोप की विश्वस्तरीय नवीनतम तकनीक और मशीनों से लैस है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के मछली पालकों को एक उचित मूल्य पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है। जिससे उनकी उत्पादकता बढ़े और आय में वृद्धि हो। यह आयोजन न केवल मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा। बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार और तकनीकी विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आईबी ग्रुप की ओर से फिश फीड बिजनेस हेड डॉ. मोहम्मद आसिफ कुरैशी सहित कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे।

# 'आत्मनिर्भर भारत' केवल एक नारा नहीं है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प का प्रतीक - भावना बोहरा



आत्मनिर्भरता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने विधायक श्रीमति भावना बोहरा ने ली प्रेसवार्ता

अंबागढ़ चौकी (दावा)। केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के तहत आत्मनिर्भरता के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत अम्बागढ़ चौकी स्थित विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पंडरिया की लोकप्रिय विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती प्रवास पर पहुंचे। जिनका जिला संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रेसवार्ता की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने की।

## आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प का प्रतीक

प्रेसवार्ता में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल एक नारा नहीं है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आयात पर निर्भरता कम करना, घरेलू उत्पादन और नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाना है। उन्होंने युवाओं से 'मेक इन इंडिया' के तहत देश के निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया।

उन्होंने अभियान के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी कि छोटे और मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता व प्रोत्साहन देकर रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया गया है। भारतीय नौसेना में देश में निर्मित आधुनिक हथियार और उपकरणों को शामिल करना एक बड़ा कदम है। किसानों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। हर घर तक स्वदेशी उत्पादों के उपयोग का संदेश पहुंचाने के लिए संकल्प रथ और पैदल मार्च जैसे जनसंपर्क कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

## अभियान देश को नई दिशा देगा - रामजी भारती

प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भरता की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अभियान भारत को 21वीं सदी में वैश्विक पहचान दिलाने वाला सिद्ध होगा। प्रेसवार्ता के अंत में दोनों अतिथियों ने जिले के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना की और कहा कि जनभागीदारी ही आत्मनिर्भर भारत की असली शक्ति है।

## कार्यक्रम में उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर खंडेलवाल और ढालसिंह कौशिक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन साहू, जिला महामंत्री नरसिंह भंडारी सहित मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, मानपुर मंडल अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण यादव, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा राजू कुरैशी और नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजेन्द्र सोनी को मिली 'आप' जिला संगठन की कमान



राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी (आप) ने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में संगठन की समीक्षा पूरी करने के बाद नई नियुक्तियों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक तथा सह-प्रभारी मुकेश अहलावत के दिशानिर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू की अनुशंसा पर राजनांदगांव जिले में पार्टी संगठन की कमान वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सोनी को सौंपी गई है।

राजेन्द्र सोनी जिन्हें प्यार से भाई राजा जी भी कहा जाता है। पार्टी के एक सरल, सहज और कर्मयोगी नेता हैं। वे पिछले नगर निगम चुनाव में पार्टी के पार्षद प्रत्याशी भी रह चुके हैं और निरंतर पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय सेवाएं देते रहे हैं। पार्टी के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला संगठन के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया है। पार्टी को विश्वास है कि राजेन्द्र सोनी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पूरे राजनांदगांव जिले में संगठन विस्तार के साथ-साथ राजनीतिक गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित कर एक नया इतिहास लिखेगी। प्रदेश कमेटी के इस निर्णय का आम आदमी पार्टी के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ता साथियों ने जोरदार स्वागत किया।

# नए कलेक्टर जितेन्द्र यादव का स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। जिले के नये कलेक्टर जितेन्द्र यादव के पदभार ग्रहण करने के उपरांत विभिन्न संगठनों द्वारा उनसे सौजन्य भेंट का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में एक स्थानीय नागरिक समिति के पदाधिकारी डॉ. डी.सी. जैन ने कलेक्टर श्री यादव से भेंट की। डॉ. जैन ने कलेक्टर श्री यादव को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें जिले में उनकी नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. जैन ने समिति की ओर से स्थानीय विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संक्षिप्त चर्चा की। डॉ. डी.सी. जैन ने जिले के विकास और जनहित के कार्यों में समिति की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन कलेक्टर श्री यादव को दिया। कलेक्टर श्री यादव ने भी सभी के सहयोग से जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बात कही।

# लापरवाह शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई : चार शिक्षक निलंबित, शराब पीकर आने वालों को चेतावनी

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शालाओं को प्रतिवर्ष छात्रों की दर्ज संख्या अनुसार शाला अनुदान राशि प्राप्त होती है। जिसका व्यय शाला प्रमुख द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से किया जाता है। वर्ष 2024-25 में शालाओं का रंगरोगन एक ही स्वरूप में कराया गया है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर किसी भी प्रकार की मैन्युअल ट्रेनिंग संचालित नहीं हुई है। अकारण स्कूल से नदारत रहने वाले शिक्षक को वेतन भुगतान नहीं किया गया है, बल्कि अनुपस्थित अवधि के वेतन की कटौती की जा रही है। शराब का सेवन कर स्कूल आने वाले शिक्षकों को नोटिस तथा कड़ी चेतावनी दी गई है। उसके बावजूद शिक्षक द्वारा शराब का सेवन कर स्कूल आने वाले शिक्षकों पर कड़ी अनुशासनात्मक तथा दण्डात्मक कार्रवाई जारी है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ ने बताया कि डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत वर्तमान में 1 शिक्षक तथा 1 सहायक शिक्षक, 2 प्रधान पाठक को निलंबित किया गया है। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला तोतलभर्री के शिक्षक शामिल है। युक्तियुक्तकरण के पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला घोटिया के सहायक शिक्षक चेतनराम बघेल ने अस्वस्थता के संबंध में 4 माह से मेडिकल प्रस्तुत किया। लघुकृत अवकाश समाप्त होने पर संबंधित सहायक शिक्षक ने अवैतनिक हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इनको भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा इनका आज पर्यंत वेतन आहरण नहीं हुआ है। कुछ शिक्षकों द्वारा हर्बल दवाई बेचने के संबंध में अब तक कार्यालय को कोई भी सूचना या शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।






# नेता नहीं जमीन से जुड़े कार्यकर्ता के पास होगी कांग्रेस की कमान-सपरा



**० संगठन सृजन अभियान के तहत डोंगरगढ़ पहुंचे कांग्रेस पर्यवेक्षक सपरा**
**० जिले में कांग्रेस का नेतृत्व पाने लोधी समाज लामबद्ध, जातिगत समीकरण के आधार पर हो सकता है निर्णय**

डोंगरगढ़ (दावा)। संगठन सृजन अभियान अंतर्गत 9 अक्टूबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक के रूप में चरण सिंह सपरा डोंगरगढ़ पहुंचे। मां बमलेश्वरी का दर्शन कर कांग्रेस द्वारा आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में भाग लिया। मीडिया से चर्चा के दौरान श्री सपरा ने कहा कि हमें नेता नहीं जनता से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता चाहिए। जिनके हाथों में कांग्रेस की कमान होगी। कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनने की कतार में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवाज खान मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विश्वस्त सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे नवाज खान को जिले के लगभग सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की ओर से समर्थन दिए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

नवाज विरुद्ध अन्य नेताओं द्वारा चलाए जा रहे अल्पसंख्यक विरुद्ध पिछड़ा वर्ग अभियान में जिले में निवासरत बहुसंख्यक लोधी समाज के सक्रिय नेताओं को सीधे तौर पर लाभ मिलता हुआ दिखाई दे रहा है। इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो जिला अध्यक्ष चयन में जातिगत समीकरण का सामना वरिष्ठ नेताओं को करना पड़ सकता है। लोधी समाज की ओर से प्रमुख दावेदारों में लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व तेजतर्रार कांग्रेस नेत्री श्रीमती पुष्पा गौ कारण वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाब वर्मा जैसे दिग्गज सामाजिक ध्रुवीकरण का लाभ लेने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। वहीं अन्य दावेदारों की बात करें तो वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुवर अग्रवाल, प्रदीप शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य कांग्रेसी नेताओं ने अपनी ओर से श्री सपरा के समक्ष मजबूत दावेदारी पेश की है। अब देखना है कि, कांग्रेस संगठन जिंदाबाद के नारे लगाने वाले कार्यकर्ताओं और आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावना के अनुरूप जमीन से जुड़े किस नेता को जिले की कमान सौंपती है।

## सर्व धर्म समभाव वाले धार्मिक क्षेत्र में द्वेष, नफरत और ध्रुवीकरण फैलने भाजपा के लिए कोई जगह नहीं - सपरा

प्रेस से जुड़े अनेक प्रश्नों का सटीक उत्तर देते हुए श्री सपरा ने कहा कि धार्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत धर्मनगरी डोंगरगढ़ में कांग्रेस का हमेशा वर्चस्व रहा है। कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम पूरे देश में चल रहा है। हमें देखना है, कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता कितना सजग है। नेताओं का जनता से कितना जुड़ाव है। पूरे जिले में कांग्रेस की अच्छी स्थिति देखने को मिली है। सभी धर्म के लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं। राहुल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष श्री खड़गे द्वारा जनहित के जो मुद्दे उठाए गए हैं, उनसे जनता का जुड़ाव देखने को मिल रहा है। सर्व धर्म समभाव वाले क्षेत्र में द्वेष, नफरत और ध्रुवीकरण फैलने भाजपा के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस में हावी गुटबाजी पर बोलते हुए श्री सपरा ने कहा कि हमें याद है डॉ. अंबेडकर ने कहा था आपसी मतभेद स्वीकार कर उसमें विचार विमर्श होना चाहिए।

# कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक : समय-सीमा के बाहर के 61 राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने समय-सीमा के बाहर के राजस्व प्रकरणों एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हेतु एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने समय-सीमा के बाहर के सभी लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु कड़े निर्देश दिए। समीक्षा के बाद समय सीमा के बाहर के अविवादित नामांतरण-9, अविवादित खाता विभाजन-1, अविवादित नामांतरण-29, विवादित खाता विभाजन-1, सीमांकन-2, त्रुटि सुधार-19 कुल 61 राजस्व प्रकरणों का निराकरण तथा लोक सेवा गारंटी अंतर्गत 197 समय-सीमा के बाहर के आवेदनों का निराकरण हुआ है। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को कोई दिक्कत नहीं हो, इसे ध्यान में रखते हुए राजस्व अधिकारी तत्परता एवं सक्रियता के साथ राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।









स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com